दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 165
कोटद्वार बुधवार
11 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आज से शीतकालीन अवकाश हेतु बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**चमोली(सं)।** सिखों के हिमालयी तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकालीन अवकाश के लिए 11 अक्तूबर को 1 बजे तीर्थयात्रियों के लिए बंद कर दिए जायेंगे।

प्रतिवर्ष हेमकुंड साहिब के कपाट मई में खुलकर अक्तूबर महीने में बंद किए जाते हैं। इस वर्ष 1.75 लाख तीर्थयात्रियों ने हेमकुड साहिब के दर्शन किए हैं। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमैंट ट्रस्ट को उम्मीद है कि कपाट बंद होने के दिन ढाई हजार से अधिक तीर्थ यात्री मौजूद रहेंगे। अंतिम अरदास एवं सबद कीर्तन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए ट्रस्ट ने तैयारियां पूरी कर ली है।

गोविन्दघाट पहुंचे ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा ने इस वर्ष की सुखद यात्रा पूरा होने पर सभी का आभार जताया है। कहा कि गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमैंट ट्रस्ट आगे भी सभी के सहयोग एवं सुझावों से हेमकुंड यात्रा को और बेहतर बनाने का प्रयास करता रहेगा।

दो माह यात्रा रही बहुत कम आए तीर्थ यात्रीः इस वर्ष अधिक बरसात का असर हेमकुंड यात्रा में साफ देखा गया। पूर्व वर्ष तक ढाई से तीन लाख तीर्थ यात्री हेमकुंड पहुंचते थे। लेकिन इस वर्ष अगस्त एवं सितंबर में हुई मूसलाधार बारिश के कारण हेमकुंड की यात्रा काफी प्रभावित हुई। दो माह में काफी कम तीर्थयात्री हेमकुंड पहुंचे।



### कपाट बंद होने के दिन यह रहेंगे कार्यक्रम

प्रात दस बजे सुखमनी साबह का पाठ
11.30 पर सबद कीर्तन
12.30 पर वर्ष की अंतिम अरदास
12.45 पर मुखवा
दोपहर एक बजे पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरुग्रंथ साहब को दरबार साहब से सच खंड में सुशोभित किया जायेगा। सच खंड दरबार साहब के नीचे का भाग है।

बंद होने लगी यात्रा मार्ग की दुकानेंहेमकुंड के पैदल यात्रा मार्ग में कपाट बंद होने से पहले ही होटल, ढाबे और दुकानें बंद होनी लगी हैं।

बंद होने लगी यात्रा मार्ग की दुकानेंः हेमकुंड के पैदल यात्रा मार्ग में कपाट बंद होने से पहले ही होटल, ढाबे और दुकानें बंद होनी लगी हैं।

प्रस्तावित रोपवे से उम्मीदः हेमकुंड की यात्रा के लिए यात्री गोविन्दघाट में रात्रि विश्राम करके 20 किमी की पैदल चढ़ाई चढते हैं।

गोविन्दघाट से हेमकुंड तक हेली सेवा भी है। बावजूद तीर्थ यात्री पैदल या घोड़े खच्चर एवं पालकी से ही अधिक यात्रा करना पसंद करते हैं।

घांगरिया से हेमकुंड तक लगभग 5 किमी लंबी रोपवे को सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। रापवे तैयार होने के बाद हेमकुंड का तीर्थाटन और बढ़ेगा।

## नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री ने किए भगवान बदरीविशाल के दर्शन

**चमोली (सं)।** नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री पशुपति शमशेर जंग बहादुर राणा ने मंगलवार को भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने उनका स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। नेपाल के पूर्व मंत्री के साथ उनकी पत्नी रानी उषा राजे सिंधिया एवं पुत्री उर्वशी राजे तथा लक्ष्मी देवयानी राणा भी बदरीनाथ पहुंचे। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी अनिल थ्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## चारधाम में अचानक मौसम ने ली करवट, बद्रीनाथ धाम में सीजन की पहली बर्फबारी

**चमोली(सं)।** उत्तराखंड चार धाम पर बड़ा अपडेट सामने आया है। केदारनाथ में अकसर मौसम के मिजाज में अचानक ही बदलाव हो जाता है, लेकिन इस बाद बदरीनाथ धाम में मौसम ने करवट ली है। बदरीनाथ धाम में मंगलवार दोपहर को अचानक मौसम ने करवट ली। बदरीनाथ में नीलकंठ और नरनारायण पर्वत पर मौसम का पहला हिमपात हुआ। सुबह तक बदरीनाथ में मौसम ठीक था। 12 बजे बाद अचानक मौसम बदला और बारिश के बाद हिमपात शुरू हो गया। जिसके बाद बदरीनाथ में ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को दोनों पर्वतों पर हुए सीजन का पहला हिमपात हुआ है। ऐसे में बदरीनाथ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में तेजी आ सकती है।

उधर, हेमकुंड साहिब के कपाट आज 11 अक्तूबर को बंद होंगे। कपाट बंद होने से पहले हजारों की संख्या में यात्री और जत्था गोविन्द घाट घांघरिया और हेमकुंड पहुंच गया है। पहली बार कपाट बंद होने पर पाकिस्तान से आये तीर्थयात्री भी शामिल होंगे।

## लद्दाख में हिमस्खलन की चपेट में आई सेना की ट्रेनिंग टीम, एक जवान की मौत, 3 अभी भी लापता

**श्रीनगर ,एजेंसी।** लद्दाख के कुन पर्वतीय क्षेत्र में भारतीय सेना की एक प्रशिक्षण टीम के हिमस्खलन में फंस जाने से एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लापता हैं। रक्षा सूत्रों ने कहा कि हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) और सेना की एडवेंचर विंग के लगभग 40 सैन्य कर्मियों की एक टुकड़ी माउंट कुन के पास नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों में लगी हुई थी, जब यह दुर्घटना हुई।

## पिथौरागढ़ पहुंचे सीएम ने देखी पीएम के कार्यक्रम की तैयारी

**पिथौरागढ़(सं)।** प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यहां पहुंचकर प्रधानमंत्री के 12 अक्तूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को देखा। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली व सभी को सभा को सफल बनाने के लिए जुटने को कहा। मंगलवार को सीएम देहरादून से स्टेट प्लेन से यहां नैनी सैनी एयरपोर्ट आए। यहां पर पहले से मौजूद भाजपा के नेताओं के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बाद में वे वहां की गई तैयारियों को देखने के बाद सीधे पीएम के प्रस्तावित सभा स्थल स्पोर्टस स्टेडियम पहुंचे। सीएम ने स्टेडियम में भी सभी तैयारियों को देखा व अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। बाद में उन्होंने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। वहां जनसभा के संयोजक कृषि मंत्री गणेश जोशी ने तैयारियों को लेकर जानकारी दी। सीएम धामी ने कहा कि सभी को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटना होगा। पीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड से पीएम के विशेष लगाव का जिक्र करते हुए कहा कि उनके स्वागत में पिथौरागढ़ पूरी तरह से सज चुका है। कहा सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है। केदारखंड में विकास तेजी से हुआ है। ऐतिहासिक भीड़ जुट रही है। पहले सरकार चार धाम लोगों से आने का प्रचार करती थी, अब प्रचार की जरुरत नहीं पड़ती। इतनी भीड़ आ रही है कि जब मौसम खराब हो जाता है मैं लोगों से अपील करता हूं कि अब यहां नहीं आएं। बैठक में सांसद अजय टम्टा,विधायक विशन सिंह चुफाल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, जनसभा के सह संयोजक बलवंत भौर्याल,भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत सहित कई भाजपा नेता शामिल रहे।

## धारचूला-लिपुलेख नेशनल हाईवे पर 20 घंटें बाद निकाले 3 भाई-बहनों समेत 7 शव

**पिथौरागढ़(सं)।** धारचूला-लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को चलती जीप पर पहाड़ी से गिरे बोल्डर और मलबे में दफन हो गए छह यात्रियों के शव निकाल लिए गए हैं। एक शव हादसे के ही दिन निकाल लिया गया था। करीब 20 घंटे से अधिक समय तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद मलबे में जीप समेत दबे लोगों के शव एसएसबी और रेस्क्यू टीम ने बमुश्किल निकाले। रविवार को बूंदी से चार किमी पहले कोथला झरने के समीप चट्टान का बड़ा हिस्सा टूटकर जीप के ऊपर गिर गया था। इससे उसमें सवार सात लोग मलबे में दब गए थे। उसी दिन रेस्क्यू के बाद टीम ने एक व्यक्ति का शव मलबे से निकाला था। इस हादसे में एक शिक्षक दंपति के साथ एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई।

## भाजपा के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी', कांग्रेस देगी उनका वास्तविक हक : राहुल

**ब्यौहारी, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानते हुए उन्हें उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।



राहुल गांधी मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल जिले शहडोल के ब्यौहारी में कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। कल मध्यप्रदेश के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद राहुल गांधी की प्रदेश में ये पहली चुनावी सभा थी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को सदा आदिवासी बोलती है, जबकि भाजपा उनके लिए 'वनवासी' शब्द का उपयोग करती है। आदिवासी का अर्थ है, जो हिंदुस्तान में सबसे पहले रहते थे और जो यहां की जमीन के मालिक हैं, जबकि वनवासी का मतलब है, जो सिर्फ वनों में रहते हैं और उनका जमीन पर कोई हक नहीं है। इसी दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों के लिए पहले वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते थे, लेकिन उन्होंने (श्री गांधी ने) पीएम मोदी से कहा कि वे इस शब्द का इस्तेमाल कर आदिवासियों का अपमान ना करें, उसके बाद से प्रधानमंत्री ने वनवासी शब्द का इस्तेमाल बंद कर दिया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पेसा कानून लेकर आई, लेकिन भाजपा ने उसे रद्द कर दिया।

इसी दौरान उन्होंने दावा किया कि कमलनाथ सरकार ने मध्यप्रदेश में आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए थे, लेकिन बाद में आई भाजपा सरकार ने आदिवासियों को डरा कर उनकी जमीन छीन ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर आदिवासियों को उनका जमीन का हक वापस किया जाएगा। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना के मुद्दे को भी एक बार फिर उठाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि देश से जुड़े सभी निर्णय 90 अधिकारी लेते हैं। इनमें से ओबीसी वर्ग के तीन अधिकारी हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार अगर एक रुपए के बजट का फैसला लेती है तो उसमें से 10 पैसे के बजट का फैसला भी आदिवासी अधिकारी नहीं करते। इस स्थिति को दूर करने के लिए कांग्रेस जातिगत जनगणना कराना चाहती है।

## यूपी में एक करोड़ युवाओं को देंगे रोजगार, अब तक दी छह लाख नौकरियां: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ योगी ने मंगलवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 6 साल में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी। अब आगे एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मिशन रोजगार के तहत 393 नव चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किए।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया था, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 38 लाख करोड़ हो गया है, जिससे युवाओं को और अधिक रोजगार मिल सकेगा।

सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी निवेश व रोजगार का प्रमुख गंतव्य बन गया है। छह वर्ष पूर्व दंगे व अराजकता का बोलबाला होने से विकास नहीं हो पाता था। अब माहौल पूरी तरह बदल गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में आयुष चिकित्सा पद्धति व योग ने पूरे विश्व में अपना डंका बजाया।

उन्होंने कहा कि भारत के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को पूरे विश्व ने हाथों हाथ लिया। ऐसे में युवा आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा आदि में करियर बनाने में संकोच न करें। जल्द युवाओं के लिए नए डिग्री व डिप्लोमा कोर्सेज शुरू किए जाएंगे। उन्होंने आयुष विभाग को निर्देश दिए कि वह हेल्थ टूरिज्म पर पूरा फोकस करें। प्रदेश को इस क्षेत्र में आगे ले जाएं।

कार्यक्रम में आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि तेजी से आयुष कॉलेजों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि इस अधिक से अधिक युवाओं को पढ़ाई का अवसर मिले। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव, आयुष लीना जौहरी व होम्योपैथी निदेशक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले परिणाम घोषित होने में काफी लंबा समय लग जाता था। अब तो छह महीने से लेकर नौ महीने के भीतर ही पारदर्शी ढंग से परिणाम घोषित हो रहे हैं।

राजधानी में रहने वाली साधना मौर्य को जब नियुक्ति पत्र मिला तो वह भावुक हो गईं। बोली योगी सरकार में निष्पक्ष भर्ती का ही नतीजा है कि हम दोनों बहनों को सरकारी नौकरी मिली। मुझे होम्योपैथिक फार्मासिस्ट की और मेरी बड़ी बहन को प्राथमिक स्कूल में शिक्षक की। रायबरेली की वर्षा शुक्ला ने कहा कि लंबे समय से तैयारी कर रही थी और निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती होने से मेहनत सफल हो गई।

योगी ने कहा कि अगर डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करे तो आधी बीमारी उसकी ऐसे ही ठीक हो जाती है। अगर आप मरीज की सेवा करेंगे तो वह दुआ देगा, नहीं करेंगे तो बद्दुआ मिलेगी, क्योंकि जो अस्पताल में भर्ती होता है, वह शारीरिक व मानसिक दोनों कष्ट से पीड़ित होता है।

## केंद्र के चुनावी बांड योजना को चुनौतीः सुको 31 अक्टूबर से करेगा अंतिम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया।शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी।



चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्त्रोतों में शामिल है। पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी भी बढ़ावा देता है।

## गाजा पर इजरायल के ताबड़तोड़ हमले जारी, 1.23 लाख लोग हुए विस्थापितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि इजरायली हमलों के कारण 1,23,000 से ज्यादा लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। ओसीएचए ने कहा कि इजरायल के हवाई हमलों और गोलाबारी में घरों और अपार्टमेंट इमारतों को निशाना बनाया है, जिसमें गाजा में चार बड़े आवासीय टॉवर नष्ट हो चुके हैं और छह स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हुई है जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। वहीं सात स्वास्थ्य



सुविधाएं तथा नौ एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हुई है। पानी, सफाई और स्वच्छता सुविधाओं का नुकसान होने के कारण गाजा में चार लाख से ज्यादा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गाजा पावर प्लांट अब बिजली का एकमात्र स्त्रोत है और कुछ दिनों में इसका भी ईंधन खत्म हो सकता है।

फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) का अनुमान है कि विस्थापित लोगों में से आधे ज्यादा लोग दर्जनों स्कूलों में शरण लिए हुए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने शरणार्थियों की मेजबानी करने और महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए आपातकालीन आश्रयों को नामित किया है। यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि गाजा में विस्थापित लोगों और मेजबान समुदायों दोनों के लिए नकद सहायता की भी तत्काल आवश्यकता है।

## मुख्य सचिव ने ली सहकारिता विभाग के तहत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के सम्बन्ध में बैठक

देहारादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में सहकारिता विभाग के तहत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (ढअउर) के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के माध्यम से प्रदेश के गरीब तबके की आर्थिकी को बढ़ाया जा सकता है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद की सभी पैक्स का निरीक्षण किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय निगरानी एवं कार्यान्वयन समितियों के अंतर्गत पैक्स की समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैक्स को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराकर छोटे किसान, गरीब मजदूरों आदि को सीधे लाभ प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गैस वितरण एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों आदि आबंटन में पैक्स को वरीयता दी जाए।

## कर्नाटकः पाकिस्तान के टीटीपी आतंकी समूह के साथ देश के खिलाफ रच रहे थे साजिश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पाकिस्तानी आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए हैं। कर्नाटक की एक अदालत में दायर आरोप पत्र में कथित तौर पर धन जुटाने के आरोप लगे हैं। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। दोनों पर भारत में भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और प्रतिबंधित संगठन में भर्ती करने के प्रयास करने के आरोप भी लगे हैं।



दो लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में रहने वाले मोहम्मद आरिफ (42) और महाराष्ट्र के ठाणे के हमराज़ वॉर्शिद शेख (27) के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरिफ बेंगलुरु में फ्रांसीसी अनुवादक के रूप में काम कर रहा था। एनआईए प्रवक्ता ने कहा, दोनों आरोपियों पर सोमवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

एनआईए अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया एप्लिकेशन पर संदेश भेजा करते थे। अधिकारी ने कहा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के सीरिया स्थित ऑनलाइन हैंडलर के साथ साजिश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। दोनों आरोपियों ने भारत में भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को प्रतिबंधित संगठन की विचारधारा का प्रचार कर कट्टरपंथी बनाने का प्रयास किया।

प्रवक्ता ने कहा, "इन युवाओं को हिंसक जिहाद करने के लिए पलायन करने और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया गया था।" एनआईए अधिकारी ने कहा कि आरिफ ने अपने परिवार के साथ टीटीपी में शामिल होने के लिए ईरान-अफगानिस्तान सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान में अवैध प्रवेश करने की तैयारी भी की थी।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा विभिन्न स्नातक/परास्नातक के 54 मेधावी छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक व 51 छात्र–छात्राओं को रजत पदक और 59 पी.एच.डी. शोधार्थी छात्रों को उपाधियों से नवाजा गया। वहीं महिला प्रौद्योगिकी संस्थान से बी0टेक0 इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखा की छात्रा हर्षिता शर्मा द्वारा बी0टेक0 में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए जिन्हें ह्यह्य विनोद देवी अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडलह्यह्य से भी सम्मानित किया गया है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कार्य परिषद की संस्तुति पर श्री एस0 सोमनाथ, अध्यक्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को डी0लिट की मानद उपाधि एवं पदमश्री प्रो0 एच0सी0 वर्मा रिटायर्ड प्रोफेसर आई0आई0टी0 कानपुर को डी0एस0सी0 की मानद उपाधि से अलंकृत किया।

दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी मेडल और डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आदर्श वीर माधो सिंह भण्डारी हैं जो हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी महान वीरता, तकनीकी कुशलता, दृढ़ संकल्प और कुशलता को हम आज भी याद करते हैं।

राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको डिग्री और मेडल अर्जित करने के योग्य बनाने में आपके परिश्रम, आपकी दृढ़ता और प्रतिबद्धता का भी बहुत बड़ा योगदान है। आज से आपके जीवन में नयी संभावनाओं के नये द्वार खुल गये हैं। यह समय आप सभी को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का है। उन्होंने कहा कि भारत और पूरा विश्व आपकी प्रतिभा को नये प्रतिमान देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे युवा अनेक प्रतिष्ठित पदों पर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जावान युवाओं की प्रतिभा के बल पर ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ने का समय है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में कहा कि आप जैसे ऊर्जावान युवाओं की प्रतिभा के बल पर ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने का समय है और विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, कुशल भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा योगदान रहने वाला है। उन्होंने कहा इसरो के अध्यक्ष श्री एस0 सोमनाथ और पद्मश्री प्रोफेसर एच.सी. वर्मा को मानद उपाधियां प्रदान करना मेरे लिए बहुत ही सुखद और गौरवशाली क्षण हैं। राज्यपाल ने कहा कि इसरो द्वारा हाल ही में जो गौरवपूर्ण उपलब्धियां हमें दी हैं वह अभूतपूर्व हैं। पदमश्री प्रो0 एच0सी0 वर्मा द्वारा भौतिकी में ज्ञान–विज्ञान का जो साझा मिश्रण किया है वह काबिले तारीफ है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय राज्य में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए कठोर परिश्रम कर रहा है और आगे उन्होंने एक और महत्वपूर्ण निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय अंग्रेजी और हिन्दी के साथ ही संस्कृत भाषा में भी अपनी उपाधियां/डिग्रियां अंकित कर रहा है। जिसके लिए राज्यपाल द्वारा कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह और उनकी पूरी टीम की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री, श्री सुबोध उनियाल ने छात्रों को रोजगार तलाशने की बजाय स्वरोजगार के अवसरों को अपनाने तथा दूसरों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए रोजगार देने वाले इंजीनियर के रूप में अपने आप को साबित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमे वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में अपनी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति को बचाये रखने की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

## एसीएस रतूड़ी ने ली तिब्बती पुनर्वास नीति के संबंध में बैठक



देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में तिब्बती पुनर्वास नीति के संबंध में बैठक के दौरान राज्य सरकार के सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर तिब्बती पुनर्वास नीति पर अपनी आख्या अथवा अनापत्ति प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को तिब्बती पुनर्वास नीति को प्रख्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य में निवास कर रहे तिब्बती नागरिकों को मिल सके इसके लिए तिब्बती पुनर्वास नीति को प्रख्यापित किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान उत्तराखण्ड में निवासरत तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधियों ने शासन को जन्म प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतें, भूमि स्वामित्व विवाद, आवास, सड़क, पेयजल का ना मिलना जैसी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधियों ने राज्य में तिब्बती संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन से सहायता की अपेक्षा की है।

## बड़कोट थाने का निरीक्षण किया

उत्तरकाशी। पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भण्डारी ने थाना बड़कोट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके द्वारा थाना परिसर, बैरिक एवं कार्यालय की साफ–सफाई का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान सीओ ने हवालात, शस्त्रागार व मालखाने का निरीक्षण करते हुये थाने पर लम्बित माल मुकदमाती के निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक बड़कोट को सम्बंधित को पत्राचार करने के निर्देश दिये। थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों, सीसीटीएनएस कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया तथा लम्बित विवेचना, प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एवं समन, वारण्टों का निर्धारित समय में तामील कराने के निर्देश दिये। थाने पर रखे गये आपदा उपकरणों का निरीक्षण करते हुये उपकरणों को हर समय तैयारी स्थिति में रखने के निर्देश दिये।

## समाज के विकास के लिए विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाना जरूरी

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल और प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का शुभारंभ बीईओ वीपी सिंह और प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़थ्वाल ने किया।

ब्लॉक समन्वयक डॉ. नरेश कुमार ने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं और मार्गदर्शक शिक्षकों को बताया कि विज्ञान को सामाजिक शोध का विषय बनाने और आम जनता के उपयोग में लाने के लिए विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों और छात्रों को विज्ञान के दैनिक उपयोग की जानकारी और स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक दोहन की जानकारी लोगों तक पहुंचानी होगी। महोत्सव के तहत सीनियर वर्ग में स्वास्थ्य विषय पर आधारित मॉडल प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, रीना गुरुंग, आदित्य नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय लायबा अजीज प्रथम, मौ. जुनैद द्वितीय, प्रियांश चौहान तृतीय, कृषि विषय में रिया नेगी, कनिका, राधिका अव्वल रहे। संचार एवं परिवहन में आसिफ प्रथम, फरहान द्वितीय, प्रीति तीसरे स्थान पर रहे। सगणात्मक चिंतन आशू, पूजा, निधि राणा ने बाजी मारी। जूनियर वर्ग में स्वास्थ्य विषय में आरती चौहान, रोहन कुमार, नारायण दत्त क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पर्यावरण विषय में सूर्या वर्मा प्रथम, सक्षम द्वितीय, कार्तिक यादव तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान श्रमिक क्षतिपूर्ति आयुक्त महोदय, पौड़ी गढ़वाल**
**श्रमिक क्षतिपूर्ति वाद सं0 6 सन 2022**

1. श्रीमती सम्पत्ति देवी आयु 37 वर्ष पत्नी स्व0 कुलदीप सिंह,
2. आदित्य रावत आयु 12 वर्ष नाबालिग पुत्र स्व0 कुलदीप सिंह,
3. अभिनव रावत आयु 9 वर्ष नाबालिग पुत्र स्व0 कुलदीप सिंह, जरिए वली माता श्रीमती सम्पत्ति देवी प्रार्थिनी संख्या 1

ग्राम कुर्ख्याल, पो0ऑ0 रीठाखाल, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल पिन 246132

-प्रार्थीगण

**बनाम**

1. यूनाईटेड इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय, गंगादत्त जोशी मार्ग, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, द्वारा मण्डलीय प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यालय, मित्रवाटिका, रानीपुर मोड़, हरिद्वार, जिला हरिद्वार।
2. श्रीमती उषा देवी पत्नी स्व0 सुरेन्द्र कुमार
3. कु0 अनुदर्शिका आयु 15 वर्ष
4. अवनीश सिंह आयु 13 वर्ष नाबालिग पुत्री एवं पुत्र स्व0 सुरेन्द्र कुमार जरिये वली माता श्रीमती उषा निवासीगण ग्राम खिलासू, पो0ऑ0 पोखड़ा, तहसील चौबट्टाखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल।

-विपक्षीगण

नोटिस बनाम विपक्षी सं0 2 लगायत 4 चूंकि उपरोक्त प्रार्थीगण ने मेरे इस न्यायालय में एक आवेदन अन्तर्गत धारा 10 कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत क्षतिपूर्ति पाने हेतु आवेदन किया है, जिसमें प्रार्थीगण ने स्व0 श्री कुलदीप सिंह की वाहन सं0 यू0के0 15ए-6453 की दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रार्थना पत्र में वाहन सं0 यू0के0 15ए-6453 के वाहन स्वामी श्री सुरेन्द्र कुमार की मृत्यु होने के कारण तथा आप विपक्षी उनके विधिक वारिस होने के नाते आपको मामले में आवश्यक पक्षकार बनाया गया है। उक्त मामले में जवाबदावा प्रस्तुत किये जाने हेतु तिथि 25.10.2023 नियत है।

अतः आप विपक्षी सं0 2 लगायत 4 को सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त मामले में प्रतिवाद करना है या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप ठीक 10.00 बजे सुबह मेरे न्यायालय पौड़ी गढ़वाल में उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे, यदि इसमें किसी भी प्रकार की कोई भी चूक की तो मामले में एक पक्षीय सुनवाई जी जायेगी। सूचना जानो।

आज दिनांक 10-10-2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**श्रमिक क्षतिपूर्ति आयुक्त**
**पौड़ी गढ़वाल**
(1376/18)

## जिपं अध्यक्ष चौहान की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत की बोर्ड बैठक



देहरादून। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक हुई। अध्यक्ष चौहान ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जंगल से सटे शहरी क्षेत्र सुधोवाला, भाऊवाला, दुधली आदि क्षेत्र का कूड़ा जंगल में फेंका जा रहा है। वन विभाग ऐसे क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर सीसीटीवी कैमरे और चालानी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। तथा लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने राजकीय इंटर कालेज त्यूणी और माध्यमिक विद्यालय मैन्द्रथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों स्कूलों में राष्ट्रीय पर्व एवं त्यौहारों में बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रहती है और पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अमूमन देखा गया कि गैर सरकारी विद्यालयों,शिक्षण संस्थानों में सिर्फ राष्ट्रीय पर्व में औपचारिकता ही निभाई जाती है और राष्ट्रीय पर्व को गम्भीरता से नही लिया जाता है। अध्यक्ष चौहान ने सरकारी विद्यालयों के अलावा गैर सरकारी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय पर्व व्यापक स्तर पर मनाए जाने को लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया तथा इस सम्बंध में सभी गैर सरकारी स्कूलों को परिपत्र जारी करने के निर्देश दिए। वहीं जीर्णशीर्ण आंनबाड़ी केंद्रों के मरम्मतीकरण कार्य हेतु बाल विकास विभाग को सर्वे कराने के निर्देश दिए। बैठक में परिचर्चा करते हुए समिति के सभी पदाधिकारियों को विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभागों से सम्बंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के कार्यों एवं योजनाओं के चर्चा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सदन को दी। उन्होंने बताया कि कुपोषण कि दर को कम किए जाने हेतु विभाग द्वारा हर सम्भव प्रयास किए गए है। प्रत्येक माह की पांच तारिक को आँगबाड़ी केंद्रों में आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा जन्मे बच्चों का वजन लिया जाता है और पोषण आहार दिया जाता है। जन्म लिए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य देखभाल निरन्तर की जाती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की है। नन्दा गौरी कन्याधन योजना के तहत बालिका के जन्म पर 11 हजार एवं 12वीं पास करने पर 51 हजार की धनराशि बालिका को दी जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार मां बनने पर पांच हजार की धनराशि दो चरणों में मां को दी जाती है। तथा दूसरे गर्भ पर भी मां को 6 हजार की एक मुश्त धनराशि दी जाती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, महिला बालप्राश योजना के तहत केला व अंडा महिलाओं को दिया जाता है। बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि उद्यानीकरण को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित खेती एवं बागवानी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान एवं बागवानों की आजीविका को और मजबूती प्रदान करने एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। किसान एवं बागवान अपनी सीजनल फसलों के अलावा बेमौसमी सब्जियों आदि का उत्पादन कर सके इस हेतु किसानों को पॉलीहाउस विभाग द्वारा प्रदान किए जाएंगे। पॉलीहाउस का निर्माण 50 मीटर से पांच सौ मीटर तक किसान अपनी इच्छानुसार बना सकेंगे। पॉलीहाउस का लाभ लेने के लिए किसान एवं बागवानों से जल्द ही ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। कृषि विभाग द्वारा केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें प्रधानमंत्री सिंचाई योजना,कृषि यंत्र,किसान सम्मान निधि समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग की चर्चा के दौरान सीवीओ द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए चालू वितीय वर्ष में एक लाख 34 हजार पशुओं का टीकाकरण कर लिया गया है। इसके साथ ही स्वरोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजन गोट बैली के तहत कालसी सोसायटी के अंर्तगत सौ बकरी पालकों को चयन किया गया। जिसमें 41 बकरी पालकों को तीस–तीस हजार रुपए की धनराशि बकरी खरीद हेतु दे दी गई है। साथ ही बकरियों का बीमा करने के बाद उन्हें अवशेष धनराशि 63 हजार भी जल्द आवंटित की जाएगी। ताकि वह खुद का स्वरोजगार कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सके। इस दौरान सीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार में विचरण करने वाले आवारा पशुओं के लिए प्रत्येक ब्लाक में गोशालाओं (कांजी हाऊस) की स्थापना की जा रही है।

## साहित्य एवं शोध यात्रा महासू मंदिर हनोल पहुंची

विकासनगर(आरएनएस)। लोक पंचायत की साहित्य एवं शोध यात्रा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पड़ाव को पार करते हुए मंगलवार को महासू देवता मंदिर हनोल पहुंची। जहां मंदिर समिति के सदस्यों ने यात्रा का स्वागत किया। छह दिनों तक चली लोक पंचायत साहित्य यात्रा हिमाचल प्रदेश के पांवटा से प्रारंभ होकर शिमला, किंगल, रामपुर बुशेहर, किनोर, रिकांगपिओ, कल्पा, कश्मीर (कोठी ग्राम पंचायत), कुल्लू जिले के आनी, रघुनाथ मंदिर कुल्लू , हिडिंबा देवी मंदिर मनाली, घटोत्कच मंदिर मनाली, नामक स्थान होते हुए खड़ा पत्थर रोहड़ू, हॉटकोटी होते हुए हनोल स्थित महासू देवता प्रांगण में यात्रा संपन्न हुई। इस दौरान लोक पंचायत के सदस्य श्रीचंद शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यात्रा का उद्देश्य साहित्य, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से दोनों ही प्रदेश में समानता होने के कारण परस्पर विचारों का आदान–प्रदान करना था। कहा जौनसार बावर केवल दो ब्लॉक, तीन तहसील, वह एक विधानसभा नहीं है बल्कि जब हम अतीत में वृहत्तर जौनसार बावर की कल्पना करते हैं, तो उसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तरकाशी एवं टिहरी जनपद का भी बड़ा भाग आता था।

जमुना तीर्थ समिति हरिपुर के अध्यक्ष इंजीनियर गंभीर चौहान ने यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि पर्यटन, बागवानी के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने बहुत तरक्की की है, जबकि जौनसार बावर में अभी इस दिशा में अभी आगे बढ़ रहा है। विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने कहा कि यात्रा में जहां मंदिरों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से अध्ययन किया गया वहीं जौनसार बावर से लगे हुए हिमाचल के क्षेत्र का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया। चौहान ने कहा कि यात्रा के दौरान जो अनुभव सामने आए हैं, उसे कार्यकर्ताओं के साथ साझा करेंगे ताकि वह भी पर्यटन और बागवानी के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। लोक पंचायत की साहित्य एवं शोध यात्रा हनोल पहुंचने पर महासू देवता प्रबंधन मंदिर समिति के सचिव मोहन लाल सेमवाल, प्रबंधक नरेंद्र नौटियाल, जगदीश नौटियाल आदि पदाधिकारी ने स्वागत किया।

## महिला कांग्रेस ने शराब पर सरकार को घेरा

देहरादून। महानगर महिला कांग्रेस कमेटी ने शराब नीति के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया। कहा कि राज्य का युवा रोजगार मांग रहा है और सरकार घर–घर बार का लाइसेंस बांट रही है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। एस्लेहॉल चौक पर महिला कांग्रेस से जुड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करने के साथ ही राज्य की शराब नीति के खिलाफ पुतला फूंका। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य के युवा, महिलाएं और आम लोग बेरोजगारों को रोजगार, अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा करने के साथ ही अंकितो के परिजनों को न्याय देने, महिला अत्याचार, आपदा, महंगाई, खस्ताहाल सड़क, डेंगू जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रही है। जबकि सरकार घर–घर शराब पहुंचाने के लिए हरेक कदम उठा रही है।

## उत्तरकाशी में ज्वैलरी दुकानों की संख्या बढ़ने पर चिंता जताई

उत्तरकाशी। उत्तराखंड स्वर्णकार संघ जिला इकाई उत्तरकाशी से जुड़े स्वर्णकारों ने जिले में बढ़ रही स्वर्ण व्यापारियों की संख्या पर चिंता जताई है। स्वर्णकारों ने बैठक कर बाहरी राज्यों से आ रहे ऐसे लोगों पर पुलिस से नकेल कसने की मांग रखी है। साथ ही लूट खसोट का हवाला देते हुए जिले में नई खुल रही ज्वैलर्स की दुकानों से सावधान रहने की लोगों से अपील की है। मंगलवार को उत्तरकाशी के जयपुर मंदिर में हुई स्वर्णकार संघ की बैठक में शहर में आए दिन खुल रही ज्वैलरी की नई दुकानों लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कारोबारियों ने कहा कि यहां पर बाहरी व्यापारी बड़ी संख्या में बिहार व बंगाल से पलायन कर आ रहे हैं। और अधिक किराया देकर दुकान व कमरा किराए पर ले रहे हैं। फिर यहां के भोले भाले लोगों से मेलजोल बढ़ाकर उन्हें कई तरह के प्रलोभन देकर अपनी ज्वैलरी दुकान के प्रति आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों से नाते रिश्तेदारी जोड़ते हैं और ग्राहकों को कम भाव व उधार का लालच देकर अशुद्ध सोना या मोटी रकम हड़प रातों रात फरार भी हो जाते हैं। बैठक में स्वर्णकारों ने इसके लूट खसोट के कई उदाहरण देकर लोगों को सावधान रहने को कहा। वहीं एसपी को ज्ञापन देकर बाहरी राज्यों से आ रहे ऐसे लोगों का सत्यापन करने की मांग रखी। कहा कि कुछ दुकानदार अपना नाम बदलकर ज्वैलर्स की दुकान खोलकर बैठे हैं। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, जिला महामंत्री ओम प्रकाश, अजय वर्मा, महेंद्र कुमार, मनोज वर्मा, रविंद्र पंवार, शीशपाल पंवार, रोहित पंवार, यशपाल पंवार, महेंद्र कुमार, प्रमोद मराठा आदि थे।

## शपथपत्र से कोर्ट नहीं जाने की शर्त हटाएगा नगर

देहरादून। बस्तियों का हाउस टैक्स जमा करवाने के दौरान नगर निगम द्वारा टैक्सधारकों से भरवाए जा रहे शपथपत्र में निर्माण को लेकर भविष्य में किसी सरकारी आदेश के विपरीत वाद योजित नहीं करने की शर्त को हटाया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने शर्त को लेकर आपत्ति दर्ज की थी। अशोक वर्मा ने बताया कि शपथपत्र में बिंदु संख्या सात में लिखा गया है कि निर्माण के संबंध में किसी भी न्यायालय में कोई कोई वाद विवाद लंबित नहीं है और न ही भविष्य में किसी सरकारी आदेश के विपरीत मेरे द्वारा कोई वाद योजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय की शरण में जाना हर व्यक्ति का अधिकार है। इसलिए इस शर्त को हटाया जाना चाहिए। मेयर सुनील उनियाल गामा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर इस विषय को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह शर्त हटाई जाएगी। वहीं नगर आयुक्त मनुज गोयल ने भी कहा कि बिंदु में यह लिखा जाना चाहिए था कि मालिकाना हक का दावा मान्य नहीं होगा। अधिकारी ने कहा विधिक राय लेकर इसमें संशोधन किया जाएगा। नगर निगम वार्डों में अब तक पांच जगह कैंप आयोजित कर चुका है। जिसमें ढाई सौ के करीब टैक्सधारकों ने हाउस टैक्स जमा करवाया है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार 2016 तक सूचीबद्ध किए गए मकानों का ही टैक्स निगम द्वारा जमा किया जा रहा है।

टैक्स जमा करवाने में आ रही दिक्कतों को लेकर मांगी जानकारी

नगर आयुक्त मनुज गोयल ने कर अनुभाग के अधिकारियों से टैक्स जमा करवाने में पेश आ रही दिक्कतों को लेकर विस्तृत जानकारी देने को कहा है। वहीं अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि बस्तियों में तय तिथि के बाद कोई मकान बना होगा तो उसका टैक्स जमा नहीं हो सकता।

## पुलिस कर्मचारियों से की मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा

देहरादून। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कनिष्क अस्पताल की तरफ से पुलिस लाइन रेसकोर्स में मानसिक स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को मानिक स्वास्थ्य सही रखने के बारे में बताया गया।

## ऋषिकेश से लापता नाबालिग मेरठ में मिली

ऋषिकेश। शहर से दो माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई नाबालिग को एसओजी देहात की टीम ने यूपी के मेरठ से बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसएसपी कार्यालय के मुताबिक इसी साल छह अगस्त को एक शख्स ने 17 साल की बेटी के लापता होने की शिकायत दी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच बालिकाओं का सम्मान

ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच बालिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बालिकाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मंगलवार को बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में ऋषिकेश का नाम रोशन करने वाली पांच बालिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बालिकाओं के लिए कई योजनाएं चला रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना सहित उत्तराखंड में अनेक योजनाएं गतिमान हैं। इनमें नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री उत्थान योजना आदि भी शामिल हैं। इस दौरान सोशल मीडिया के जरिये देशभर में पहचान बना चुकी तनु रावत, हिंदी बॉलीवुड फ़िल्म कलरव में अभिनेत्री का किरदार निभाने वाली अम्बिका आर्य, दसवीं कक्षा में राज्य की मेरिट सूची में स्थान पाने वाली आसना सकलानी, राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता वंशिका कंडवाल, चित्रकारी के लिए राज्य सरकार से पुरस्कृत सान्या बिष्ट को सम्मानित किया गया।

# कण्वघाटी-मवाकोट से न्याय पंचायत लछमपुर के लिए मार्ग निर्माण कार्य शुरू

## पिछले कई माह से मालन नदी पर मार्ग निर्माण की मांग उठा रहे थे वार्डवासी


भाबर क्षेत्र में मालन नदी पर मार्ग निर्माण करवाता विभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** वार्डवासियों की शिकायत के बाद कण्वघाटी-मवाकोट से न्याय पंचायत लछपुर को जोड़ने के लिए मालन नदी पर कच्चे मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मार्ग निर्माण कार्य शुरू होने पर वार्डवासियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत का स्वागत किया है।

वर्षों पूर्व कण्वघाटी-मवाकोट से न्याय पंचायत लछमपुर को जोड़ने के लिए मालन नदी पर कच्चा मार्ग बनाया गया था। लेकिन, वर्षा काल में यह मार्ग बह गया था। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने विभाग से मार्ग दोबारा निर्माण की अपील की थी। जिसके बाद विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौक का निरीक्षण कर मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। वार्डवासियों ने मार्ग निर्माण करवाने के लिए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत का स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के भाबर मंडल अध्यक्ष मनोज पांथरी, प्रमोद बहुखण्डी, शशिकांत जोशी, शांति थापा, पितृशरण जोशी, बीना जोशी, राजेंद्र पंत, कमल थापा, मदन मोहन सिंह रावत, सौरव रावत, दिनेश चंद्र गौड़, मनोज नेगी, अशोक गौड़, प्रणय डबराल, बृजमोहन नेगी आदि मौजूद रहे।

## रितिका व कार्तिक का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलेथा जयहरीखाल के दो विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर अभिभावकों व शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। छात्रा रितिका का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैण व छात्र कार्तिक का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय संतूधार के लिए हुआ है। सहायक अध्यापक जसपाल सिंह असवाल ने बताया कि दोनों विद्यार्थी पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल रहे हैं। उनकी इस सफलता ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। बच्चों की सफलता पर ग्राम प्रधान जलेथा जितेंद्र सिंह नेगी, प्रधानाध्यापिका विमला मैंदोला, सहायक अध्यापक जसपाल असवाल, विप्रस अध्यक्ष कुसुम देवी, संकुल समन्वयक कुंणझोली किरन रावत, संकुल समन्वयक बरस्वार चंद्रमोहन रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जयहरीखाल विपुल भंडारी, बीआरसी समन्वयक जयहरीखाल मोहन गुसाईं, विनीता देवरानी आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# हर समय कार्यशील स्थिति में रखे दमकल उपकरण


निरीक्षण के दौरान उपकरणों की जानकारी लेते अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरएस खाती ने मंगलवार को फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को दमकल उपकरण हर समय कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए। कहा कि आपदा से बचाव के लिए आमजन को भी जागरूक किया जाना अति आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने दमकल कर्मियों की समस्याओं को भी सुना

मंगलवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बीईएल रोड स्थित फायर स्टेशन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में रखे दस्तावेजों का भी अवलोकन लिया।

साथ ही दमकल कर्मियों से दमकल वाहन व मशीनों के बारे में जानकारी ली। कहा कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को आपदा से बचाव के उपकरणों की बेहतर जानकारी होनी चाहिए। जिससे किसी भी प्रकार की आपदा के समय बेहतर बचाव कार्य किया जा सकें। उन्होंने स्टेशन में बैरक व भोजनालय का भी निरीक्षण किया। दमकल कर्मियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की भी सराहना की।

अभियान के उपरांत उन्होंने दमकल कर्मियों से उनकी समस्या के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि दमकल कर्मियों को हर संभव मुहैया करवाने का कार्य किया जा रहा है।

# 1500 मीटर दौड़ में अनुज रहा प्रथम


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स शीतकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान 1500 मीटर दौड़ में अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज सेवी धीरेंद्र कंडारी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करने की सीख दी। इस दौरान अंडर-17 बालक 100 मीटर दौड़ में विवेक, हैप्पी, अंडर-17 बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में जानवी, प्रीति, अंडर-14 बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में कमल, आशीष अंडर-19 बालक 1500 मीटर दौड़ में अनुज, अमन प्रथम, द्वितीय रहे।

अंडर-14 बालिका गोला फेंक में राजकीय इंटर कालेज मटियाली की अनामिका व मनीषा प्रथम, द्वितीय रहे। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह रावत, उमेश चंद, महेंद्र सिंह, संजय शर्मा, हरीश कड़वाल, अनीता बिष्ट, रज्जू फ्लोरिया, दर्शनी रावत आदि मौजूद रहे।

# अपराध पर सख्ती, अपराधियों को किया तडीपार

**कोटद्वार :** जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करने, आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनकी निगरानी करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश एसएसपी श्वेता चौबे ने समस्त थाना प्रभारियों को दिये हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को कोतवाली कोटद्वार पुलिस ने झूलाबस्ती निवासी करनैल सिंह पुत्र शेर सिंह, राजेन्द्र कुमार पुत्र नरेश कुमार, निवासी प्रजापति नगर गाड़ीघाट और मनीष उर्फ रोनी पुत्र ओमप्रकाश, निवासी इन्द्रानगर, आमपड़ाव के विरुद्ध गुंडा नियंत्रण की कार्यवाही कर छह माह के लिये जिला बदर (तड़ीपार) करते हुए सीमा से बाहर भेज दिया गया है। अब 6 माह तक तीनों अभियुक्त जनपद पौड़ी की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि उक्त तीनों अभियुक्त जनपद में लगातार शराब तस्करी व चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं व इन पर चोरी के अभियोग, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट एवं गुण्डा अधिनियम से सम्बन्धित कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार जारी है।

## ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोटद्वार :** कौड़िया-तल्ला मोटाढाक मोटर मार्ग पर स्कूटी से गिर कर ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

घटना मंगलवार दोहपर की है। शिवराजपुर निवासी सीमा देवी 46 वर्ष पत्नी अनुसुया प्रसाद पड़ोस की एक महिला के साथ घर से बीईएल रोड होते हुए बाजार की ओर आ रही थी। इसी दौरान बीईएल रोड पर स्कूटी अनियंत्रित हुई और सीमा सड़क पर गिर गई। सड़क से गुजर रहे ट्रक ने सीमा के पैरों को रौंद दिया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को राजकीय बेस अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शहर के सभी चौक व चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** मिशन सांस्कृतिक कण्वनगरी (एमएसके) संस्था के पदाधिकारियों ने शहर के सभी चौक व चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। कहा कि लालबत्ती समेत पूरे शहर में प्रमुख चौराहों पर ठेली, रेहड़ी व फुटपाथ पर सामान फैलाकर काम करने का प्रचलन बढ़ गया है।

यहां आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार में बड़ी संख्या में बाहरी जनपदों से आकर लोग सड़कों के किनारे अतिक्रमण कर दुकान, ठेली, फड़ का काम कर रहे हैं। इनके बीच अराजक व आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी शामिल हैं। ये लोग पहाड़ में पलायन से खाली हुए गांवों तक फैलने लगे हैं। साथ ही ये लोग नशा व मानव तस्करी जैसे धंधों में भी संलिप्त रहते हैं। यदि इन्हें यहां पर अतिक्रमण के नाम पर शरण न मिले तो ये खुद ही अपने गृह जनपद लौट जाएंगे। कहा कि शहर में इन अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ तक कब्जा लिए हैं। इनके लालबत्ती चौराहे पर बनी सब्जी मंडी की सड़क तक पसरे रहने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। बैठक में एसके बहुखंडी, पूर्व सैनिक विलोचन प्रसाद नैथानी, महिपाल सिंह रावत, प्रवीन रावत, विजयपाल सिंह रावत, धीरू सिंह बिष्ट, दिव्यांश रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

## विपुल डंडरियाल बनें अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान विपुल डंडरियाल को अध्यक्ष व दीपक नेगी को महामंत्री चुना गया। चुनाव प्रभारी कृष्णचंद्र बहुगुणा व चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह गुसांई की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इस मौके पर संतन बिष्ट, कुलदेव राणा, धन सिंह नेगी, सुरेंद्र प्रसाद खंकरियाल, अनिल नौटियाल, सुरेश कोहली, योगेंद्र राणा, विजयपाल आदि मौजूद थे।

## अध्यक्ष पद पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** बीजीआर परिसर पौड़ी में 14 अक्तूबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो गई है। इस बार 4 पदों पर 9 प्रत्याशियों के बीच चुनाव होगा। इस बार अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा। छात्रसंघ चुनाव के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इस बार छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी प्रत्याशी अमन कुमार, एनएसयूआई के अर्जुन गोदियाल व निर्दलीय प्रत्याशी ऋतिक सिंह असवाल के बीच मुकाबला होगा। वहीं, सहसचिव पद पर एबीवीपी के देव कुमार व एनएसयूआई की हिमानी, कोषाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की विद्या व निर्दलीय प्रत्याशी लविश नेगी, यूआर में एनएसयूआई के अमन नयाल व निर्दलीय प्रत्याशी विनय रावत के बीच मुकाबला होगा। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर आर्यन के एकमात्र प्रत्याशी रोहित कुमार, सचिव पद पर आर्यन के प्रत्याशी रितिक रावत व छात्रा प्रतिनिधि पर खुशी का नामांकन होने के चलते इनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

## वार्षिकोत्सव में निकलेगी महाराज अग्रसेन की डोली

**कोटद्वार :** श्री युवा वैश्य अग्रवाल सभा ने महाराज अग्रसेन के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पर अग्रसेन डोली निकालने का निर्णय लिया है। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अग्रकुल शिरोमणि अग्रसेन महाराज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए सभा के महासचिव सुमित महावीर सिंघल ने बताया कि वर्तमान में नजीबाबाद चौराहे पर लगी अग्रसेन की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। कहा कि 15 अक्टूबर को सभा की ओर से बेस अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इस मौके पर प्रतीक सिंघल, संदीप गोयल, रोहन गर्ग, आकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कार्यशाला में हिंदी शिक्षा की चुनौतियों पर की चर्चा

## आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर में आयोजित की गई कार्यशाला


आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर में हिंदी विषय को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें हिंदी शिक्षा के बीच आ रही चुनौतियों के निराकरण को चर्चा की गई।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डा. सुभाष चंद्र ढौंड़ियाल, प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल व सीबीएसई की ओर से नियुक्त मुख्य वक्ता डा. मदन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। डा. मदन सिंह रावत ने हिंदी शिक्षा में आने वाली चुनौतियों के मूल्यांकनों के स्तरों, अधिगम के स्तरों और विषय संवर्धन गतिविधियों के विषय में विभिन्न विद्यालय से आयें शिक्षक-शिक्षकाओं को प्रशिक्षण दिया।

हिंदी की अनेक विधाओं जैसी कहानी, कविता, गद्य व पद्य पर चर्चा करते हुए बच्चों में हिंदी लेखन की क्षमता को कैसे बढ़ावा दे इस बारे में बताया। कार्यशाला में बच्चों में निबन्ध, अनुच्छेद विज्ञापन और संदेश लेखन के प्रति रोचकता पैदा करने के बारे में भी बताया गया।

# आज भी बंद रहेगें बैडहाट मोछण के स्कूल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जनपद के नैनीडांडा ब्लाक के बैडहाट मोछण में बाघ की दशहत को देखते हुए डीएम ने यहां आस-पास के सभी स्कूलों को फिर से बंद किए जाने के बाद आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल बुधवार तक बंद रहेंगे। इस संबंध में तहसीलदार धुमाकोट और वन क्षेत्राधिकारी धुमाकोट की रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने यह कदम उठाया है। पहले भी स्कूल शनिवार तक तक के लिए बंद कर दिए गए थे।

नैनीडांडा के बैडहाट मोछण की सीमा से लगे केलधार में सोमवार की रात को बाघ दिखाई दिया। इसका किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा वीडियो भी बनाया गया। करीब एक सप्ताह बाद बाघ के दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में और दहशत है। बाघ ने बैडहाट में घास लेने गई महिला को अपना निवाला बना लिया था। इसके बाद से ही यहां वन विभाग की टीम डेरा डाले हुई है। पूरे एक सप्ताह तक बाघ की कोई गतिविधि टीम को नहीं दिखाई दी। लेकिन सोमवार की रात को केलधार के पास सड़क किनारे बाघ दिखाई दिया। इसका वीडियो भी वन विभाग को मिला है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीफओ ने इस वीडियो को सही बताते हुए स्थानीय लोगों के लिए एडवाजरी जारी की है। साथ ही नैनीडांडा-हल्दूखाल मार्ग पर शाम छह बजे बाद दोपहिया वाहनों से सफर नहीं करने की हिदायत भी दी गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन को भी सहयोग करने के लिए कहा गया है। इसी मार्ग पर केलधार के पास बाघ दिखाई दिया है, जिसका किसी स्थानीय व्यक्ति ने वीडियो भी बनाया है। डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि स्थानीय ग्राम प्रधानों का एक ग्रुप बनाया गया है जिसमें बाघ की कोई भी गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत सूचित करने के लिए कहा गया है। साथ ही स्थानीय लोगों खासकर महिलाओं को अकेले जंगल में नहीं जाने को भी कहा गया है। इस क्षेत्र में अभिभावकों को भी अपने बच्चों को अकेले नहीं छोड़ने को कहा गया है। बाघ के सक्रिय होने के बाद वन विभाग को ट्रैक्यूलाइज की परमिशन मिल गई है।

डीएफओ ने बताया कि यहां वैटनरी डाक्टरों की टीम तैनात की जा रही है। वहीं बैटहाट छोटा और केलधार दो स्थानों पर पिंजरे लगा दिए गए हैं। अब बाघ को ट्रेंक्यूलाइज करने के मिशन पर काम शुरू कर दिया गया है। पानी के स्त्रोतों पर खासकर नजर रखी जा रही है।

सोमवार को विभाग ने यहां पहले ही ट्रैपिंग कैमरों को बढ़ा दिया था। बाघ के यहां सक्रिय होने के कारण स्थानीय लोगों में दहशत बनी हुई है। वनाधकारियों के मुताबिक बाघ को ट्रैक कर ट्रेंक्यूलाइज करने के लिए ही रणनीति बनाई जा रही है। बाघ यहां करीब छह महीने पहले भी अलग-अलग जगहों पर दो लोगों को अपना निवाला बना चुका है। तब वन विभाग रिखणीखाल के डल्ला से दो बाघों को ट्रेंक्यूलाइज कर पकड़ने में सफल रहा था। लेकिन दुबारा यहां बाघ के सक्रिय हो जाने के कारण मुशकिलों में फिर इजाफा हो गया है।

## अकेले रहने वाले बुजुर्गों की मदद करेगी पौड़ी पुलिस

**पौड़ी :** पौड़ी जनपद में बड़ी संख्या में बुजुर्ग अकेले रहते है। उनके बच्चे बाहर नौकरी करते हैं। कभी कोई दिक्कत होती है तो वे किससे मदद मांगें। जिले में खाकी बुजुर्गों की मददगार बनने जा रही है। एसएसपी के निर्देश पर थानावार डाटा एकत्रित किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पैठाणी और देवप्रयाग पुलिस ने बुजुर्गों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी। पुलिस टीमों ने बुजुर्गों को अपना मोबाइल नम्बर के साथ ही आपातकालीन नम्बर 112 भी दिया। पुलिस अफसरों ने बताया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस को तुरन्त बुला सकते है। पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें अकेला समझ कर आपराधिक तत्व किसी तरह की कोई वारदात न करे। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को भी अकेलापन महसूस न हो। अपने बीच पुलिस कर्मियों को पाकर बुजुर्ग खुद को और भी ज्यादा सुरक्षित महसूस करने लगे।

## विधायक ने किया मोटर मार्ग निर्माण का शिलान्यास

**श्रीनगर गढ़वाल :** देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने मंगलवार को मलेथा से बडोन मोटर मार्ग निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि करीब नौ किमी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण 163.09 लाख रूपए की लागत से होगा। कहा मार्ग पर पेंटिंग व अन्य कार्य होंगे। जिससे मोटर मार्ग की स्थिति बेहतर हो जाएगी। उनकी विधानसभा में जितने भी मोटर मार्ग खस्ताहाल स्थिति में है उनके पेंटिंग व डामरीकरण का कार्य प्रस्तावित है। मौके पर पीडब्लूडी के ईई डीपी आर्य, भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, रणजीत सिंह जाखी, जयपाल राणा, अरविंद, विकास मेहरा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# क्विज में राइंका सबधारखाल की टीम रही पहले स्थान पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** कोट ब्लाक की क्विज प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज खोलाचौरी में हुई। प्रतियोगिता में राइंका सबधारखाल की टीम में शामिल गीता, सीता और अंश पंवार ने पहला स्थान प्राप्त कर जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। राइंका देवप्रयाग की टीम में शामिल सानिया, दर्शिका और अमित कुमार ने दूसरा व राइंका खोलाचौरी की टीम में शामिल पूनम, इंदिरा और साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने कहा कि इस तरह की क्विज प्रतियोगिताओं से युवा पीढ़ी के बीच प्रतिस्पर्धात्मक बढ़ावा मिलने के साथ ही ज्ञान और कौशल की समझ भी विकसित होती है।

मुख्य क्विज से पूर्व स्क्रीनिंग परीक्षा में राइंका सबधारखाल, अटल उत्कृष्ट राइंका जामलाखाल, राइंका खोलाचौरी, राइंका कमलपुर, राइंका दोदल, राइंका मसाण गांव और राइंका देवप्रयाग की टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य क्विज के लिए 6 टीमों ने जगह बनाई। क्विज प्रतियोगिता 6 चरणों में हुई। क्विज प्रतियोगिता में डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने किया। क्विज प्रतियोगिता के ब्लाक समवयक वीरेंद्र खंकरियाल ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में सफलता के साथ ही समसामयिक विषयों, घटनाओं की जानकारियों से अपडेट करना है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर स्क्रीनिंग परीक्षा प्रभारी चंद्र प्रकाश, रैपिड फायर और बजर राउंड एसपी अवस्थी, बहुविकल्पीय, विजुअल और शॉर्ट टर्म मेमोरी राउंड में वीरेंद्र खंकरियाल, एक्सटेंपोर राउंड रश्मि सेमवाल, एक्सटेंपोर स्पीच निर्णायक आरती गुसांई, ललित प्रसाद ध्यानी, राजेश डिमरी, मुख्य निर्णायक राकेश ध्यानी, अंकनकर्ता रंजन रावत, वंदना ध्यानी, विद्योत्मवती, नरेश पुंडीर, विकास मुयाल, बसंत कुमार, संजय नवानी, राजेश डिमरी, शिखा पुंडीर, कांता बिष्ट, वंदना शाह, कल्पना जोशी आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन



अल्मोड़ा। राजकीय इण्टर कॉलेज गरूड़ाबांज में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी धौलादेवी पीएल टम्टा ने दीप पज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युग वैज्ञानिक युग है। विज्ञान के क्षेत्र में नित नये नये अनुसंधान हो रहे हैं जिनसे मानव जीवन की कई समस्याओं का समाधान मिल पाया है। इस मौके पर श्री अन्न मोटा अनाज विषय पर आयोजित विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में रा.उ.मा.वि मनिआगर प्रथम, राइका गरूड़ाबाज द्वितीय, राइका आरासल्पड़ तृतीय स्थान पर रहा। विज्ञान प्रदर्शनी जूनियर वर्ग में स्वास्थ्य विषय में रवि प्रथम, कमलेश नाथ द्वितीय, रीता भट्ट तृतीय, पर्यावरण के लिए जीवन विषय में दिव्यांशु मनराल प्रथम, दीपिका चौहान द्वितीय, निकिता पाण्डे तृतीय, कृषि विषय में हिमानी काण्डपाल प्रथम, गोकुल पाण्डे द्वितीय, तेजल तृतीय स्थान पर रहे। संचार एवं परिवहन विषय में शिवानी बिष्ट प्रथम, गुड़िया भट्ट द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग की विज्ञान प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विषय में ज्योति प्रथम, प्रीति गैड़ा द्वितीय, पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय में बबीता पाण्डेय प्रथम, राजकुमार द्वितीय, प्रदीप कुमार तृतीय, कृषि विषय में देवेन्द्र कुमार प्रथम, विपिन जोशी द्वितीय, उर्मी गोस्वामी तृतीय, संचार एवं परिवहन विषय में रोशन लाल प्रथम, दीक्षा रौतेला द्वितीय, कृष्ण सिंह बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र सिंह ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपी पकड़े

चम्पावत।जिले के एक गांव में महिला से सामूहिक दुष्कर्म में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाल योगेश उपाध्यक्ष ने बताया कि कुछ दिन पूर्व चम्पावत के दूरस्थ क्षेत्र की महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मामले में तीन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 342, 363 व 376 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। कोतवाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपी सोहन सिंह, राहुल सिंह और बबलू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# जमीन के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



काशीपुर। जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश करेगी। बघेलेवाला निवासी हरचरण सिंह पुत्र गुरमेज सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बरखेड़ा पांडे निवासी सुमेर कौशिक उर्फ़ हिमांशु कौशिक पुत्र संजय शर्मा ने उसके साथ जमीन बेचने के नाम पर 1.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। साथ ही पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर समर कौशिक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को कोतवाली सीओ वंदना वर्मा ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया। बताया कि 1.140करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी सुमेर कौशिक पुत्र संजय शर्मा निवासी बरखेड़ा पांडे को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि आरोपी अपने तीन अन्य साथियों गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, गुरकीरत सिंह के साथ मिलकर जमीन खरीदने बेचने के नाम पर लोगों का पैसा हड़प लेते हैं और उनको डरा धमका कर चुप कर देते हैं। मामले में जांच पड़ताल के बाद पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई भी करेगी। पुलिस टीम में एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई संतोष देवरानी, एसआई मनोज जोशी, एसआई सुनील, एसआई कपिल कंबोज, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल गजेंद्र गिरी, जगदीश प्रसाद, मनोज कुमार समेत आदि शामिल रहे।

# पानी निकासी में बाधक अतिक्रमण जल्द हटेगा

बागेश्वर( आरएनएस )।मंडलसेरा क्षेत्र के लिए मामूली बारिश में परेशानी का सबब बने कुंती गधेरे के पानी से होने वाली परेशानी से मंडलसेरा क्षेत्र के निवासियों को शीघ्र निजात मिलेगी। विधायक पार्वती दास, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल तथा जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मंगलवार को कुंती गधेरे व मंडलसेरा का निरीक्षण किया। कई लोगों ने लोनिवि की भूमि पर अतिक्रमण किया है। जिस पर डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि गधेरे के पानी की निकासी के लिए अतिक्रमण को चिह्नात करके अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण चिह्नित करने को कहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल, विधायक दास व नपा अध्यक्ष खेतवाल ने मंडलसेरा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान नागरिकों ने कहा कि बरसात के दौरान कुंती गधेरा यहां नुकसान करता है तथा लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों की समस्या को देखते हुए ही यह निरीक्षण किया गया है तथा जनता के सहयोग से इसका हल निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि धन व मशीनरी की कमी नहीं है, बल्कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए यहां के नागरिकों को प्रशासन का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि लोनिवि, राजस्व व नगर पालिका के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, जो कि बुधवार से ही पानी के निकासी के लिए संभावित स्थानों का निरीक्षण करेगी। यहां पर लोनिवि की भूमि पर जो अतिक्रमण हुआ है उसे हटाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के चलते ही पानी की निकासी बंद होने से लोगों के घरों में गधेरे का पानी घुसता है। सड़क व रास्तों पर भी पानी जमा होता है। इसके लिए जनता को सहयोग करना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को ही टीम द्वारा अतिक्रमण चिह्नत करके लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की जाएगी। इसके बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन बल पूर्वक अतिक्रमण हटाएगा। नागरिकों की मांग पर जिलाधिकारी ने विवेकानंद इंटर कालेज के पास से पूर्व से प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के आदेश लोनिवि को दिए।

## उपचुनाव में नीला देवी बनी मुनस्यारी के धामी गांव की प्रधान

पिथौरागढ़।विकासखंड के धामीगांव में रहने वाली एक हजार से अधिक आबादी को छह माह के अंतराल के बाद अपना ग्राम प्रधान मिला।

उपचुनाव में नीला देवी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा शिकस्त देते हुए 123 मतों के अंतर से हराया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान का पद भरने से गांव के विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसी साल धामीगांव के ग्राम प्रधान का निधन हो गया था। इससे यह सीट रिक्त हो गई थी। ग्राम प्रधान के न होने से आमजन को जरूरी दस्तावेजों के लिए भी जूझना पड़ रहा था।

# छात्र–छात्राओं को बैंक से संबंधित जानकारी दी



चम्पावत।टनकपुर डिग्री कॉलेज में भारतीय स्टेट बैंक की टीम ने छात्र–छात्राओं को बैंक से संबंधित जानकारियां दीं।

प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी ने बताया कि एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अमित पांडेय की टीम ने छात्र–छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंटिंग, ऑडिट और काउंसिलिंग आदि जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन कुमारी ने किया।

वहीं विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डिग्री कॉलेज में चम्पावत के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने छात्र–छात्राओं को धुम्रपान के दुष्प्रभाव बताए। यहां डॉ एसके कटियार, डॉ सुल्तान सिंह यादव, डॉ विमल जोशी, डॉ सुषमा मक्कड़, डॉ विजय डालाकोटी, डॉ किरन दानू, डॉ होशियार सिंह, चंद्र मोहन सिंह, हरीश चंद्र, हरीश पांडेय, उमेश उप्रेती आदि रहे।

# जब–जब कांग्रेस कमजोर हुई, देश कमजोर हुआ : माहरा

काशीपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जब–जब कांग्रेस कमजोर हुई है, देश भी कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देवभूमि को शराब भूमि बनाने में लगी है। उन्होंने आगामी निकाय, लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा मंगलवार को उदयराज इंटर कॉलेज के प्रेक्षागृह में कुमाऊं के कांग्रेस जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, उसी सरकार में देश में बहनों पर अत्याचार हो रहा है। किसानों की भूमि कब्जाई जा रही हैं। लोगों को नजूल भूमि के नाम पर बेघर किया जा रहा है। सरकारी नौकरियां खत्म की जा रही हैं। युवा रोजगार के लिए दर–दर भटक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना लाकर देश की सरहदों को कमजोर किया जा रहा है। कहा कि भाजपा सरकार देवभूमि को शराब भूमि बनाने में लगी है। पहले मोबाइल वैन से शराब बेचने की बात कही। अब एक घर में 50 बोतल आदमी रख सकता है। ऐसे में अवैध शराब लोग अपने घरों में रखेंगे। आरोप लगाया कि कि भाजपा सरकार देवभूमि को कलंकित कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को एकजुट करना है तो एक–दूसरे की बुराई करने से बचें। कहा कि प्रदेश में आई आपदा में भाजपा कहीं भी दिखाई नहीं दी।

वहीं हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि जनता बदलाव चाह रही है, ये हमारे लिए संजीवनी है। कांग्रेस जब एकजुट होगी तो कोई नहीं हरा सकेगा। अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। ज्वलंत विषयों को कार्यकर्ता लोगों तक ले जाएं। वर्तमान सरकार लोगों को अतिक्रमण के नाम पर परेशान कर रही है। जसपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि हम संगठित नही हैं। हमें प्रण लेना चाहिए कि काशीपुर से मेयर, सांसद और विधायक कांग्रेस पार्टी के ही बनें। यदि हम चुनाव नहीं जीत रहे हैं तो मान लीजिए हम बहुत पीछे हैं। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का माहरा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

एकजुटता और समर्पण से हासिल कर सकते हैं जीत : आर्य

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हम चुनाव की दहलीज पर खड़े हैं। उत्तराखंड में कांग्रेस ने कई उतार–चढ़ाव देखे हैं। देश विभाजन की ओर बढ़ रहा है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। उन्होंने कहा कि काशीपुर से नई शुरुआत होनी चाहिए। पार्टी के सामने बढ़ी चुनौती है। एकजुटता और समर्पण से ही जीत हासिल कर सकते हैं। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकली, जो देश को अमन, चैन शांति एवं मोहब्बत का पैगाम दे गई। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर से कार्यकर्ता मजबूत होकर कांग्रेस की रीति–नीति से जन–जन को अवगत कराएं।

## चारुबेटा स्कूल में मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

रुद्रपुर।उपजिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम बी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नौगवांठग्गू द्वारा राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज चारुबेटा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

इस दौरान किशोर–किशोरियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। टीम बी की महिला चिकित्साधिकारी डॉ. शैलजा त्रिपाठी ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस के बारे में जानकारी दी।

# सितारगंज में धान तौल नहीं होने पर एसएमओ का घेराव

रुद्रपुर।धान तौल नहीं होने से नाराज किसानों ने एसएमओ का घेराव किया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए शोषण का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि अगले तीन–चार दिन में किसानों का पूरा धान तुल जाएगा। उसके बाद विभाग राइस मिलें आवंटित करेगा। कच्ची आढ़तियों के पोर्टल भी खुलेंगे। फिर व्यापारियों का धान पोर्टल में चढ़ेगा। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रभारी बलजिंदर सिंह मान के नेतृत्व में किसान एसएमओ कार्यालय पहुंचे। किसानों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर तहसीलदार पूजा शर्मा, नायब तहसीलदार बंदोबस्त जगमोहन त्रिपाठी, मण्डी सचिव विनोद पलड़िया भी पहुंच गए। तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने किसानों की समस्या सुनी और संबंधित विभागों के अफसरों से वार्ता कर सितारगंज तहसील के सभी 50 केंद्रों में धान तौल तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने कच्ची आढ़त खरीद शुरू नहीं करने पर नाराजगी जताई।

# चिकित्सालय में मरीजों का बेहतर उपचार होः सचिव स्वास्थ्य



अल्मोड़ा। जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुँचे स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने मंगलवार देर सायं जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने डेंगू बीमारी को रोकने के लिए अस्पताल के डेंगू वार्ड में मच्छरदानी सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में पानी की निकासी, साफ़ सफाई और दवा के छिड़काव की उचित व्यवस्था करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर सेंटर के कार्यों में तेजी लाते हुए काम करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए। उन्होंने चिकित्सालय में इमरजेंसी, ओटी, भर्ती मरीजों का हाल जाना। राजेश कुमार ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से वार्ता करने के साथ ही अस्पताल से उन्हें दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सालय में सभी मरीजों को बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले स्वास्थ्य सचिव ने उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संचालित सीएचसी जिसमें 30 बेड वर्तमान में हैं इसके अतिरिक्त 50 बेड और जुड़ जाने से उप जिला अस्पताल पूर्ण रूप में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जिला अस्पताल में जल्द ही मॉडुलर ओटी संचालित होगी इसके साथ सीटी मशीन को जल्द संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकतम क्षमता के साथ जनता को जो भी बेहतर सुविधा हो सकती है देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतों के सन्दर्भ में उन्होंने सीएमओ और सीएमएस को निर्देशित किया है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा बाहर से मरीजों को लिखी जा रही दवाइयों और टेस्ट के बारे में उन्होंने कहा कि स्टोर में उपलब्ध दवाईयों के अलावा बाहर की गैर जरुरी दवाईयां मरीज को ना लिखें, ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान ईएनटी विशेषज्ञ के बारे में मिली शिकायतों पर स्वास्थ्य सचिव ने सीएमएस को निर्देशित किया। यहाँ निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊँ मंडल डॉ. तारा आर्य, सीएमओ डॉ. आर सी पंत, सीएमएस डॉ. एच सी गड़कोटी, अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपांकर डेनियल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम दीपक भट्ट मौजूद रहे।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक से एक लाख ठगे

चम्पावत।ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर टनकपुर निवासी एक युवक से साइबर ठगों ने एक लाख रुपए ठग लिए। युवक फरवरी 2023 से ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी में इंवेस्ट कर रहा था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार देर शाम रेलवे कॉलोनी, टनकपुर निवासी नरेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह 21 फरवरी 2023 से ऑनलाइन बिटकॉइन में अनन्या मेहता से ट्रेडिंग कर रहा था। बताया कि उसने ट्रेडिंग के नाम पर यूपीआई पिन के माध्यम से एक लाख रुपये कंपनी में इंवेस्ट कर दिए। इसके बाद 18 अप्रैल 2023 को उसे ट्रेडिंग कंपनी ने ब्लॉक कर दिया। ठगी का एहसास होने पर युवक ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# पलायन रोकने को मिल कर काम करें विभागःडीएम

चम्पावत।डीएम नवनीत पांडेय ने सभी विभागों से पलायन रोकने को मिलकर कार्य करने के लिए कहा है। सीएम पलायन रोकथाम योजना की बैठक में उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिलने वाली योजनाओं को शामिल करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम ने मंगलवार को सीएम पलायन रोकथाम योजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधे वितरित करने के लिए क्लस्टर बनाने, किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भेषज संघ को आंवला और दाड़मि की पौध तैयार करने के साथ ही काश्तकारों को प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने आय बढ़ाने के लिए सूखीढांग एनएच स्थित भवन में दुग्ध संघ, मत्स्य, उद्यान आदि विभागों को काउंटर लगाने के लिए कहा। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कूलों में लाइब्रेरी की स्थापना करने के निर्देश दिए। गहत व तेजपात समेत अन्य फसलों के बीज भंडारण के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। सूखीढांग एनएच समेत अन्य गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ राजेन्द्र सिंह रावत, एएमए भगवत पाटनी, सीएओ गोपाल सिंह भंडारी, डीडीओ डीके चंद, उरेडा की पीओ चांदनी बंसल, डीएचओ टीएन पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अपर सचिव स्वास्थ्य ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण

काशीपुर। अपर सचिव स्वास्थ्य नमामि बंसल ने एलडी भट्ट ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर सफाई दुरुस्त कराने और गर्भवतियों के लिए बेंच लगवाने के निर्देश दिए। मंगलवार को अपर सचिव स्वास्थ्य नमामि बंसल ने एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नवजात शिशु विभाग, महिला वार्ड, ट्रामा सेंटर वार्ड, एक्स–रे विभाग, महिला रोग विभाग, हृदय विभाग आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में मरीजों से जानकारी ली। महिला डॉक्टर कक्ष के बाहर कतार में गर्भवतियां खड़ी दिखाई दीं। इसपर उन्होंने गर्भवतियों के बैठने के लिए बेंच, टिनशेड बढ़ाकर पंखे लगाने को कहा। इसके बाद वह डेंगू वार्ड पहुंची। यहां बदहाल वाटर कूलर के पास और कुछ अन्य स्थानों पर गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वाटर कूलर की मरम्मत कराकर सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के दस्तावेजों का अवलोकन कर अपने साथ ले गईं।

बिना नाम का पर्चा थमाया

वृद्ध अनिल शर्मा ने सीएमएस डॉ. खेमपाल से शिकायत की। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर की रात करीब साढ़े 7 बजे इमरजेंसी में दिखाने आया था। तैनात स्टाफ ने बिना नाम का पर्चा बनाकर थमा दिया। उन्होंने पर्चे पर नाम अंकित करने को कहा। इसपर स्टाफ ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। सीएमएस ने उन्हें समझाकर शांत कराकर उनका इलाज कराया।

## शक्तिफार्मवासियों ने रूदपुर में निकाला कैंडल मार्च

रुद्रपुर( आरएनएस )।शक्तिफार्मवासियों ने सोमवार देर सायं रूदपुर में कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने सड़क हादसे में मृत किशोर सुमित को श्रद्धांजलि दी। 14 वर्षीय सुमित शनिवार को अपने माता–पिता के साथ बाइक से घर लौट रहा था। एक डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे सुमित बाइक से उछलकर नीचे गिर गया। डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। वहीं उसके माता–पिता घायल हो गए थे। सोमवार शाम सुमित के घर जेल कैंप नंबर दो पर क्षेत्र के लोग एकत्र हुए। वहां से कैंडल मार्च रूदपुर मुख्य चौराहा तक निकाला। उन्होंने सुमित को श्रद्धांजलि दी।

## पात्र महिला को आवास योजना से वंचित रखने का आरोप

चम्पावत ।चम्पावत की ज्येष्ठ उप प्रमुख मोनिका बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अधिकारियों पर पात्र महिला को आवास से वंचित रखने का आरोप लगाया है। ज्येष्ठ उप प्रमुख का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के गरीब और विधवा महिलाओं के नाम आवास योजना की सूची से नदारद हैं। आरोप लगाया कि मुड़ियानी की महिला मंजू देवी गरीब परीवार से हैं। उनके तीन छोटे बच्चे हैं। लेकिन उनके पास अपना आवास नहीं है। वह अपनी ननद के साथ रह रहीं हैं, लेकिन सर्वे करने वाली टीम ने गलत सर्वे कर उनका आवास दिखा दिया। इस कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले में बीडीओ कविंद्र रावत ने बताया कि विधवा महिला अपने मायके में रहती हैं।

# क्षतिग्रस्त नालियां ठीक न हुई तो आंदोलन किया जाएगा



चम्पावत। नगर पालिका क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नालियों से सड़कों पर बह रही गंदगी से परेशान लोगों ने लोनिवि के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। उन्होंने ज्लद नालियों को ठीक नहीं करने पर लोनिवि में तालाबंदी और आंदोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को डाक बंगला मार्ग में व्यापारी हेम कापड़ी के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि मार्ग में नालियों के क्षतिग्रस्त होने से सड़क किनारे गंदगी एकत्रित हो रही है। जिसमें व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोनिवि से ठीक करने की मांग कर दी है, लेकिन किसी ने व्यापारियों की समस्या का समाधान करने की जहमत नहीं समझी। उन्होंने बताया कि इस मोटर मार्ग में आए दिन वीआईपी भी आते जाते हैं, लेकिन अब तक किसी ने भी समस्या का संज्ञान नहीं लिया। नगर पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के ने कहा कि पालिका क्षेत्र में हथरंगिया से एसडीएम कोर्ट और मीना बाजार चौराहा, मीना बाजार से डाक बंगला रोड बाड़ीगाड़ रोड, राय चक्की से शीतला माता मंदिर, कालू सिंह चौराहे तक और खेतीखान रोड तक हर जगह नालियां क्षतिग्रस्त हैं। डीएम ने क्षतिग्रस्त नालियों के लिए धन भी अवमुक्त कर दिया लेकिन लोनिवि विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है। शीघ्र नालियों का कार्य शुरू नहीं किया तो व्यापारियों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लोनिवि के ईई संजय चौहान ने बताया कि क्षतिग्रस्त नालियों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया हो गई है। जल्द कार्य भी शुरू होगा।

# एनआईटी व हरिद्वार विवि के बीच हुआ समझौता

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर एवं हरिद्वार विश्वविद्यालय उत्तराखंड के बीच शैक्षणिक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। जिस पर एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी और हरिद्वार विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के प्रो. वाइस चांसलर प्रो. रमा भार्गव ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एनआईटी निदेशक प्रो. अवस्थी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

प्रो. अवस्थी ने कहा ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के उदय ने शैक्षणिक संस्थानों के बीच रणनीतिक साझेदारी की आवश्यकता को तीव्र कर दिया है। बुनियादी ज्ञान और कौशल सिर्फ नौकरी के लिए नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा, उद्यमशीलता एवं अवधारणा से लेकर व्यावसायीकरण तक प्रौद्योगिकी विकास के सभी चरणों के लिए सामन रूप से महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड विवि, उत्तराखंड के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. रमा भार्गव ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने वाले दोनों संस्थानों के लिए एक आदर्श सार्वजनिक-निजी भागीदारी में एक साथ आना एक ऐतिहासिक क्षण है। एनआईटी, उत्तराखंड में शिक्षकों और छात्रों की अत्यधिक समर्पित टीम के साथ कई नए अंतःविषय अनुसंधान और शैक्षणिक कार्यक्रम हैं। कहा हमें विश्वास है कि यह समझौता दोनों संस्थानों को अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने में मदद करेगा। शैक्षणिक समझौता समारोह में एनआईटी, उत्तराखंड के प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी एवं हरिद्वार विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. विपिन सैनी, कुलसचिव लेफ्टिनेंट सुमित चौहान, डॉ. यशवीर, डॉ. निशा धीमान और अभिनव भटनागर (ओएसडी) आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बायोमैट्रिक पंजीकरण का शिक्षकों ने किया बहिष्कार

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि टीचर्स वैलफेयर सोसाइटी श्रीनगर की आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक में समस्त संकाय सदस्यों ने सर्वसम्मति से बायोमैट्रिक पंजीकरण व हाजरी का बहिष्कार करते हुए कहा कि 16 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक होने वाली पंजीकरण प्रक्रिया में कोई भी शिक्षक शामिल नहीं होंगे। कहा जो संकाय सदस्य पंजीकरण करते हैं उनकी सदस्यता संगठन से स्वतः समाप्त मान ली जाएगी।

मंगलवार को बिड़ला में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने कहा कि पांच दिवसीय कार्य दिवस की मांग लंबे समय से की जा रही है। गत चार मई को कुलसचिव को दिए गए 18 बिंदुओं के ज्ञापन में पांच दिवसीय सप्ताह की मांग प्रमुखता से रखी गई थी। लेकिन उसे आज तक कार्यान्वित नहीं किया गया है, बल्कि बायोमैट्रिक उपस्थिति करने को निर्देशित किया गया है। जिसका शिक्षक संघ पूर्ण रूप से विरोध करता है। कहा संघ की ओर से गत सोमवार को भी कुलसचिव को 18 बिंदुओं व इस मामले में विस्तृत चर्चा भी की। बैठक में सोसाइटी के सचिव प्रो. आरएस फत्र्याल, प्रो. आरसी डिमरी, प्रो. दीपक राणा, प्रो. एमपी थपलियाल, प्रो. हिमांशु बौड़ाई, प्रो. गुड्डी बिष्ट, प्रो. एमएम सेमवाल, प्रो. हेमवती नंदन, प्रो. प्रशांत कंडारी, प्रो. गोपाल जोशी, डॉ. अभिषेक जुयाल, प्रो. ज्योति तिवारी, डॉ.अशोक कुमार आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# बिड़ला परिसर में 14 बूथों पर होगा मतदान

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर में बिड़ला परिसर के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. ओके बेलवाल की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासन के साथ 14 अक्टूबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव के दौरान मतदान के लिए बूथों, वीडियोग्राफी, परिचय पत्र आदि मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

मंगलवार को हुई बैठक में एसडीएम नुपुर वर्मा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। कोतवाली निरीक्षक विनोद गुसांई ने कहा कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिसर व शहर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. बेलवाल ने कहा कि बिड़ला परिसर में 14 अक्टूबर को छात्र संघ चुनाव के लिए 14 बूथ बनाए जाएंगे। कहा प्रत्येक मतदान के दौरान वीडियोग्राफी भी की जाएगी। कहा शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से बुधवार 12 बजे तक अपने आई कार्ड की छायाप्रति, अभिकर्ताओं के नाम व उनके आई कार्डकी छाया प्रति व फोटो बिड़ला परिसर के निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने को भी कहा। मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी ने कहा कि नियंता मंडल के सदस्यों की अनुशासन समिति गठित की गई है। जो चुनाव के समय परिसर का भ्रमण करेगी। मतदान के दिन सभी मतदान कर्मी एवं मतदान अधिकारी व समस्त छात्र-छात्राएं, कर्मचारी अपने परिचय पत्र के साथ परिसर में प्रवेश करेगें। मतदान केंद्र तथा मतगणना केंद्र में भी सभी कर्मियों को मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। (एजेंसी)

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर बंद किया जाए घोड़ा खच्चर संचालकों का उत्पीड़न

रुद्रप्रयाग। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने केदारनाथ पैदल मार्ग पर संचालित हो रहे घोड़ा–खच्चर संचालकों के विरुद्ध दर्ज किए जा रहे मुकदमों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इस कार्य में लगी स्वयं सेवी संस्थाओं पर घोड़ा–खच्चर स्वामियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। सीटू के जिला महामंत्री वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि वह स्वयं गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग का भ्रमण कर लौटे हैं। उन्होंने कहा कि गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग जानलेवा होने के चलते कई घोड़े–खच्चर जगह–जगह पर फिसलकर चोटिल हो रहे है। जिससे घोड़े–खच्चर स्वामी, हॉकरों व देश विदेश से धाम के दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालुओं को आए दिन खासा नुकसान हो रहा है। मगर दूसरी ओर स्वयंसेवी संस्थाएं जमीनी हकीकत समझे बिना ही घोड़े–खच्चर स्वामियों के विरुद्ध पशु क्रुरता के नाम पर आए दिए घोड़े खच्चरों को सीज कर उनके विरुद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के मुकदमों में उलझाया जा रहा है। जिससे घोड़े–खच्चर स्वामियों को भारी आर्थिक एवं मानसिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# 100 मीटर दौड़ में सुमित, सोनम दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ब्लाक पौड़ी की तीन दिवसीय शीतकालीन प्रतियोगिता गढ़देवा विद्यालय शिक्षा विभाग की क्रीड़ा प्रतियोगिता पौड़ी के कंडोलिया मैदान में मंगलवार से शुरू हो गई है। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुमित, बालिका वर्ग में सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुमित पहले, अमित दूसरे व बालिका वर्ग में सोनम पहले, निधि दूसरे, 200 मीटर दौड़ में करण पहले, सुमित दूसरे, बालिका वर्ग में निधि पहले, हजरा दूसरे, 1500 मीटर बालक वर्ग में अनिकेत पहले, जयदीप दूसरे, बालिका वर्ग में निधि पहले, खुशी दूसरे पर रहे। सब जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दीपक रावत पहले, राजेश दूसरे, बालिका में वर्षा पहले, अर्चना दूसरे, 400 मीटर में ऋषभ पहले, आयुष दूसरे, बालिका वर्ग में सिमरन पहले, खुशी दूसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर योगंबर नेगी, अनूप मणी, नरेश जुयाल, कमल रावत, राजीव रावत धर्मेंद्र नेगी, बबीता रावत, मालिनी, रचना, प्रमोद नेगी, चंद्र मोहन नैथानी आदि मौजूद रहे।

## कर्णप्रयाग की महिला का शव मिला झील में

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर जल विद्युत परियोजना की झील में एक महिला का शव मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कीर्तिनगर पुलिस ने जल पुलिस की मदद से महिला के शव बाहर निकाला। शव की पहचान लक्ष्मी देवी (42), लवेठा, पोस्ट चोंड़ली, थाना कर्णप्रयाग चमोली के रूप में हुई है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि शव की शिनख्यात महिला के पति सोहन सिंह, भाई धीरेंद्र सिंह पंवार एवं ग्राम वासियों हरि सिंह व महादेव सिंह ने की है। जानकारी प्राप्त करने पर सोहन सिंह ने बताया गया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी बीते 29 सितंबर को गांव के शिवालय में जल चढ़ाने गई थी, उसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह नदी में बह गई। जिसकी काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।

## 16 को मनाया जाएगा संगठन का स्थापना दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन का स्थापना दिवस 16 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर 80 वर्ष आयु वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष पीसी नौटियाल ने बताया कि स्थापना दिवस पर गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी, प्रहलाद भट्ट, कुंवर सिंह चौहान, बरदराज बहुगुणा होंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बच्ची सिंह रावत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।


**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र पवन सिंह उम्र 30 वर्ष एवं उसकी पत्नी अंजली देवी उम्र 24 वर्ष पत्नी पवन सिंह मेरे तथा मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने में नहीं है। दोनों अक्सर आपस में गाली, गलौच, मारपीट करते रहते है। जिस कारण मैं तथा मेरे परिवार के सदस्य परेशान रहते है। इन दोनों की इन हरकतों से तंग एवं परेशान होकर मैंने अपने पुत्र पवन सिंह एवं उसकी पत्नी अंजली देवी पत्नी पवन सिंह को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी का मुझसे तथा मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। मेरे पुत्र एवं उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के अपराध एवं गलत हरकतों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें। उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, अपराध, लेन-देन आदि के लिए मैं तथा मेरा पूरा परिवार जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**पूरण सिंह पुत्र स्व0 बलदेव सिंह निवासी ग्राम साजक सैंण, पोस्ट दुगड्डा, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1375/21)


# संवदेनशील स्थानों पर कनेक्टिविटी सुधार की जरूरत

रुद्रप्रयाग। आपदा की दृष्टि से जनपद में संवेदनशील स्थानों पर कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की ओर से कोलिसन फॉर डिसास्टर रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रचर (सीडीआरआई) और पीडब्ल्यूसी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक बैठक की गई। इस मौके पर सीडीआरआई एवं पीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधियों ने केदारनाथ यात्रा सहित पूरे जनपद में कनेक्टिविटी में आने वाली समस्याओं एवं उनके लिए संभावित सुधारों के लिए सुझाव लिए। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में आयोजित बैठक में पीडब्ल्यूसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अमित आनंद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आपदा या सामन्य दिनों में भी कैसे नेटवर्क कनेक्टिविटी को सुधारा जाए। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए कोलिसन फॉर डिसास्टर रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रचर (सीडीआरआई) का गठन हुआ है। जिसमें नेटवर्क कनेक्टिविटी, पावर सप्लाई समेत अन्य प्राथमिक सुविधाओं के सुधारीकरण पर कार्य किए जा रहे हैं। अमित आनंद ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट में आपदा की दृष्टि से संवेदनशील पांच राज्यों में सीडीआरआई एवं पीडब्ल्यूसी कार्य कर रही हैं जिसमें उत्तर भारत में उत्तराखंड को चुना गया है। उत्तराखंड में आपदा की दृष्टि से संवेदनशील जिलों में रुद्रप्रयाग शीर्ष पर रखा गया है। सीडीआरआई के प्रतिनिधि अंशुल यादव ने पुलिस, आपदा, राजस्व, वन समेत बैठक में मौजूद सभी विभागों से नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्याओं से जुड़े अनुभव सुनते हुए इसमें सुधार के लिए सुझाव भी मांगे। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल ने केदारनाथ यात्रा मार्ग सहित पूरी केदार घाटी में नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार के सुझाव दिए।

## गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने की मांग

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के मुख्य पड़ाव गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने की मांग फिर उठनी शुरू हो गई है। जिपंस गणेश तिवारी ने बताया कि गुप्तकाशी नगर केदारनाथ धाम की यात्रा का प्रमुख पड़ाव या प्रवेश द्वार है। गुप्तकाशी में बेहतर सुविधाएं हों उसके लिए गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनना जरूरी है। साथ ही नगर पंचायत बनने से गुप्तकाशी के विकास को गति मिलेगी। पूर्व में प्रदेश के दो–दो मुख्यमंत्री गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने की घोषणा कर चुके हैं। वर्ष 2016 में हरीश रावत एवं वर्ष 2021 में त्रिवेंद्र सिंह रावत घोषणा कर चुके हैं।

# 70 नाली भूमि पर की जा रही अवैध भांग की खेती नष्ट की

नई टिहरी। एसडीएम प्रतापनगर शैलेंद्र नेगी के नेतृत्व में तहसील प्रतापनगर के ग्राम सौंदी, दीनगांव, मुखमालगांव, सिलोडा व खुमीला में 70 नाली से अधिक भूमि पर की जा रही अवैध भांग की खेती को नष्ट कर जलाया गया। ताकि भांग को उपयोग में न लाया जा सके। भांग की खेती को लेकर चेताते हुए ग्रामीणों को एनडीपीएस एक्ट की जानकारी भी दी गई। एसडीएम प्रतापनगर शैलेंद्र नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतापनगर के कुछ गांवों में अवैध भांग की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर डीएम मयूर दीक्षित के निर्देश पर चार टीमों का गठन किया गया। टीम मे तहसीलदार प्रतापनगर चंद्रमोहन पांडे, थानाध्यक्ष लम्बगांव महिपाल सिंह रावत, एसआई प्रशांत बहुगुणा, कानूनगो जीएल शाह, फोरेस्टर रविंद्र चमोली, फोरेस्ट गार्ड अंजलि रावत, कांस्टेबल सरोजिनी रावत, पाराशर प्रसाद, रविंद्र पांडे, सुनील नेगी, राजस्व उप निरीक्षक सहित 20 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी इस अभियान में शामिल किए गये। इस दौरान एसडीएम प्रताप नगर नेगी व थाना अध्यक्ष लम्बगांव महिपाल रावत ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य विधिक जानकारी दी।

## बदरीनाथ हाईवे की हालत जगह जगह पर खराब

चमोली। बदरीनाथ हाईवे की हालत जगह–जगह पर खराब हुई पड़ी है। टंगणी पागल नाला से लेकर बेलाकूची तक सड़क के दोनों किनारों पर मलबे के ढेर लगे हुए है। प्रशासन ने तीन दिन में सड़क से मलबा साफ करने के निर्देश दिए थे। पर अभी तक स्थिति जस की तस है पागलनाला में बार–बार जाम लगने से तीर्थयात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। यहां करीब तीन घंटे तक वाहनों का जाम लगता है। बदरीनाथ हाईवे पर यहां कई जगहों पर मलबा अभी भी पड़ा हुआ है।

# खनिज प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यो के लिए 37 प्रस्ताव की स्वीकृति

रुद्रप्रयाग। जनपद के खनिज प्रभावित क्षेत्रों में विकास कायी के लिए 37 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। दोनों विधायकों की मौजूदगी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस मौके विभिन्न क्षेत्रों के लिए 125 कार्यों के प्रस्ताव में से 78 योजनाओं के आंगणन प्रस्ताव संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए जिसमें अनेक योजनाओं के 37 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में खनिज प्रभावित के विभिन्न क्षेत्रों के विकास पर चर्चा की गई। कई योजनाओं पर खंड विकास अधिकारियों को पुनर्निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए जो भी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं उन योजनाओं पर सभी अधिकारी गंभीरता से सभी संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था गंभीरता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं में दोबारा निरीक्षण करने को कहा गया है उन योजनाओं पर अधिकारी एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण कर फोटोग्राफ उपलब्ध कराए। ताकि धनराशि निर्गत की जा सके।

केदारनाथ की विधायक शैला रानी रावत ने कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों की कई योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की गई। जिसमें संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधान द्वारा भी क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। जिसमें क्षेत्र के कई रास्तों, स्ट्रीट लाइट, प्रतीक्षालय, मिलन केंद्र आदि कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई। जिन विकास योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है उन योजनाओं पर संबंधित अधिकारी धनराशि खर्च करें। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि खनिज न्यास में प्रभावित क्षेत्रों के लिए कई विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। कुछ योजनाओं के लिए विभागों को दोबारा आंगणन प्रस्तुत करने को कहा गया। जिला भू वैज्ञानिक डॉ दीपक हटवाल द्वारा खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल, जिपं सदस्य विनोद राणा, खनन न्यास के सदस्य राजेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान कोठगी हरेंद्र सिंह, राउंलेक कमलेंद्र सिंह नेगी, जवाड़ी पार्वती देवी, सारी माहेश्वरी देवी, पाली प्रेमलता देवी, मनसूना देवेंद्र सिंह पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएच मतीलिया, लोनिवि के ईई इंद्रजीत बोस, ऊखीमठ मनोज भट्ट, सिंचाई राजेश नौटियाल, एनएच निर्भय सिंह, खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह, जखोली दिनेश मैठाणी, अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट आदि अधिकारी मौजूद थे।

## बैडहाट मोछण के स्कूल दो दिन के लिए फिर बंद

चमोली। जिले के नैनीडांडा ब्लाक के बैडहाट मोछण में बाघ की दशहत को देखते हुए डीएम ने यहां आस–पास की सभी स्कूलों को दो दिन के लिए फिर बंद किए जाने के बाद आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल बुधवार तक बंद रहेंगे। इस संबंध में तहसीलदार धुमाकोट और वन क्षेत्राधिकारी धुमाकोट की रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने यह कदम उठाया है। पहले भी स्कूल शनिवार तक तक के लिए बंद कर दिए गए थे। नैनीडांडा के बैडहाट मोछण की सीमा से लगे केलधार में सोमवार की रात को बाघ दिखाई दिया। इसका किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा वीडियो भी बनाया गया। करीब एक सप्ताह बाद बाघ के दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में और दहशत है। बाघ ने बैडहाट में घास लेने गई महिला को अपना निवाला बना लिया था।

इसके बाद से ही यहां वन विभाग की टीम डेरा डाले हुई है। पूरे एक सप्ताह तक बाघ की कोई गतिविधि टीम को नहीं दिखाई दी। लेकिन सोमवार की रात को केलधार के पास सड़क किनारे बाघ दिखाई दिया। इसका वीडियो भी वन विभाग को मिला है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीफओ ने इस वीडियो को सही बताते हुए स्थानीय लोगों के लिए एडवाजरी जारी की है। साथ ही नैनीडांडा–हल्दूखाल मार्ग पर शाम छह बजे बाद दोपहिया वाहनों से सफर नहीं करने की हिदायत भी दी गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत तमलाग विकास खण्ड पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल

**(अल्प कालीन निविदा सूचना)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से ग्राम पंचायत तमलाग विकास खण्ड पौड़ी, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म व ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | आ0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण | रू0 28500.00 | 500+जीएसटी 18% | 7 दिवस | 120 दिवस | श्रेणी डी एवं उच्चतर तथा पी0डब्लयू0डी0 आर0डब्लयू0डी0जिला पंचायत पौड़ी में से किसी भी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनाऐं एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय तमलाग पर चस्पा कर दी गई है।

**(श्रीमती पूजा नैथानी)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत तमलाग**
**विकास खण्ड पौड़ी**


# माध्यमिक विद्यालयों की खंड स्तरीय शीतकालीन प्रतियोगिता शुरू

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि में माध्यमिक विद्यालयों की खंड स्तरीय शीतकालीन प्रतियोगिता शुरू हो गई। इस मौके पर उदघाटन करते हुए जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कण्डारी ने कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। खेलों से शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास भी होता है।

उन्होंने युवाओं को खेलों में भविष्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज खेल से आजीविका भी जुड़ रही है। प्रतियोगिता में अण्डर–19 बालिका वर्ग की 800 मी दौड़ में चिए की दीया प्रथम, संध्या द्वितीय तथा राइका चोपता की खुशी तृतीय रही। बालक वर्ग में राइंका रूद्रप्रयाग के नितिन प्रथम, ग्वेफड़ के राहुल द्वितीय तथा घिमतोली के अनुज तृतीय रहे। अण्डर 17 बालिका वर्ग की 800 मी दौड़ में चिए की गीता प्रथम, राबाइका अगस्त्यमुनि की शिवानी द्वितीय तथा नन्दिता तृतीय रही। बालक वर्ग में चिए के अंकित रावत प्रथम, बरसूड़ी के सौरव द्वितीय तथा चोपता के गौरव तृतीय रहे।

अण्डर–14 बालिका वर्ग में चिए की रिया प्रथम, कोठगी की अनुजा द्वितीय तथा मणिपुर की मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग में राइका बीना के ऋषभ प्रथम, चोपता के समीर द्वितीय तथा चिए के आदित्य तृतीय रहे।


**उत्तर रेलवे**
**(मुरादाबाद मण्डल)**
**निविदा सूचना**

| कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | निविदायें दिनांक 01.11.2023 को [illegible] |

निविदा सूचना सं. 43/2023 दिनांक : 10.10.2023 (3137/2023)



## कार्यालय नगर पालिका परिषद लक्सर जनपद हरिद्वार

पत्रांक 856 / राज्य वित्त आयोगे / 2023-24 दिनांक 6-10-23

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्न निर्माण/विकास कार्य प्रस्तावित है। इसके लिये दिनांक 25.10.23 को समय 12.00 बजें दोपहर तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन गठित कमेटी द्वारा दोपहर 2.00 बजे, नगर पालिका परिषद लक्सर के कार्यालय में खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र दिनांक 23.10.23 को दोपहर 12.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है। कोई एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/कमेटी में निहित होगा।

| S.N. | कार्य का नाम | Cost | निविदा शुल्क | जमानत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-4 देशराज की दुकान से जितेन्द्र के मकान की ओर आर0 सी0सी0 नाले का निर्माण। | 14.28 | 1500+GST | 43000 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड 01 लक्सर नगर में रूड़की रोड से खाटूश्याम मंदिर की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 9.75 | 1000+GST | 30000 | 30 दिन |
| 3 | वार्ड नं0-06 आदर्श कॉलोनी में बारात घर टीन शैड का अवशेष निर्माण कार्य। | 5.04 | 1000+GST | 16000 | 30 दिन |

शेष जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय/दिवस पर जानी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

## सम्पादकीय

# राजस्व की मजबूरी होम मिनी बार

उत्तराखंड के लिए आबकारी नीति कितनी आवश्यक है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर वर्ष शराब की दुकान लेने के लिए जहां मारामारी नजर आती है वही लक्ष्य बढ़ाने के बाद भी दुकानों को लेकर प्रतिस्पर्धा साफ नजर आती है। हालांकि शराब के कुछ पुराने कारोबारी अब यह भी मानते हैं कि शराब के व्यवसाय में अधिक मुनाफा नहीं रह गया है और सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। हालांकि राज्य बनने के बाद उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने की परिकल्पना की गई थी जिसके तहत राज्य की मातृशक्ति ने उत्तराखंड को शराब मुक्त राज्य बनाने की मांग भी पुरजोर तरीके से उठाई थी। नए राज्य की खस्ता हालत को देखते हुए उस वक्त आबकारी नीति एवं खनन नीति से मोटे राजस्व की उम्मीदें लगाई गई थी जो आज तक उत्तराखंड की हर सरकार के लिए राज्यसभा वसूली का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण संसाधन है। एक तरफ सरकार नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए तमाम दिशा निर्देश जारी करती है लेकिन शराब की बिक्री को लेकर जिस प्रकार से कारोबारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है वह काफी चौंकाने वाला है। उत्तराखंड में यह तो निश्चित है कि शराबबंदी को लेकर कोई भी सरकार कभी भी कदम उठाने का साहस नहीं जुटा सकती लेकिन यह स्थिति वाकई बेहद हैरान कर देने वाली है कि राज्य सरकार घर–घर में मिनी बार खोलने की तैयारी कर रही है। आबकारी नीति में नई व्यवस्था में शराब के शौकीनों के लिए राज्य सरकार ने मिनी बार घरों में खोलने की मंजूरी दे दी है जिसके तहत लोग आप अपने घर में ही बार खोल सकेंगे। इसके तहत घर में 50 लीटर तक शराब रखने की अनुमति सरकार देगी। राज्य सरकार की ओर से आबकारी नीति 2023 24 को लागू किया जा चुका है और इसी नीति में होम मिनी बार खोलने को भी मंजूरी दी गई है और निजी तौर पर लोग इसके लिए लाइसेंस ले सकेंगे। इस योजना के तहत देहरादून के एक आवेदक को मिनी बार का लाइसेंस जारी भी कर दिया गया है। देहरादून के एक व्यक्ति ने मिनी बार के लिए लाइसेंस मांगा था। 4 अक्टूबर को यह पहला होम मिनी बार लाइसेंस जारी किया जा चुका है। सरकार के इस फैसले का राज्य के अंदर विरोध भी हो रहा है क्योंकि पहले ही उत्तराखंड में वैध और अवैध शराब बड़ी मात्रा में बिकती है, जबकि पूर्व में अवैध शराब के कारण कुछ लोगों की जान जाने का प्रकरण भी काफी प्रमुखता से सुर्खियों में आया था। यह बात गले से नीचे नहीं उतरती की एक तरफ तो राज्य सरकार नशाखोरी को रोकने के लिए नए–नए अभियान पुलिस के माध्यम से चलाती है लेकिन जिस प्रकार से सरकार की ओर से घर–घर में शराब के बार खोलने की तैयारी की जा रही है उससे लगता है कि सरकार के शब्दकोश में शराब नशे की श्रेणी में नहीं आता। उत्तराखंड में शराबबंदी की मांग लंबे समय से उठती आई है लेकिन 23 वर्ष के उत्तराखंड के इतिहास में हर सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज ही किया है। राजस्व वसूली की दिशा में यह सरकार की विवशता है, क्योंकि शराब की बिक्री से प्रदेश सरकार को एक बड़ा राजस्व प्राप्त होता है, बावजूद इसके उत्तराखंड में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार भी समानांतर तौर पर चलता है। जहां सरकार को शराब के व्यवसाय पर नियंत्रण रखने का प्रयास करना चाहिए वहां शराब घर–घर में बेचने का सरकार का फैसला काफी हैरान कर देने वाला है। सरकार अवश्य इसे राजस्व अर्जन के नजरिया से देख रही है लेकिन कहीं ना कहीं इसके परिणाम भविष्य में काफी घातक देखने को भी मिल जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। शराब पीने के बाद होने वाले हुड़दंग अब गली मोहल्ले में लोगों के घरों के बाहर नजर आएंगे। मातृशक्ति के सम्मान एवं गरिमा का दावा करने वाली राज्य सरकार शराबबंदी की दिशा में भले ही मौन धारण किए हुए हैं लेकिन कम से कम घर–घर में शराब बेचने का लाइसेंस देने के कार्य से तो बचा जा सकता था।

# एक नेतन्याहू और घायल इजराइल!

**जाहिर है इजराइली यहूदी हाल के सालों में विभाजित रहे हैं। नेतन्याहू ने सत्ता में बने रहने की भूख में कट्टरपंथियों को मनमानी करने दी। बात–बेबात फिलस्तीनी इलाके में तेवर दिखाते रहे। कभी यहूदी बस्तियों को फैलाने की जिद्द में तो कभी सीमा पार के हमास और हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले व कभी अल अक्सा मस्जिद इलाके में उकसाने वाली हरकतों से नेतन्याहू सरकार का मैसेज था कि वे ही हैं जो यहूदी हितों के लिए मर मिटने वाले हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कट्टरपंथियों के चंगुल में ऐसा मकडज़ाल बनाया, जिससे वे जहां अदालत में भ्रष्टाचार मामले में कटघरे में हैं तो वही अपने वर्चस्व के लिए संविधान व व्यवस्था से भी खिलवाड़ करते हुए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट याकि अदालती स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए जो संविधान संशोधन बनाया है उससे न केवल इजराइल में उनका स्थायी विरोध है, बल्कि दुनिया में भी बदनामी है।**

**हरिशंकर व्यास**

हां, इजराइल घायल है, सदमें में है, खौफ में है और दुनिया यह सोच हैरान है कि यह देश भला इतना सोया हुआ और लापरवाह कैसे? वह भी तब जब प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी सत्ता साझेदार कट्टर यहूदी पार्टियां इस हवाबाजी के साथ थे कि वे इजराइली सुरक्षा के बाहुबली हैं। वे उदारवादी नहीं, बल्कि इस्लामी आतंकी हमास व हिज्बुल्ला जैसों को ईंट के बदले पत्थर से जवाब देने वालेहै। नेतन्याहू मतलब छप्पन इंची छाती का यहूदी नेता। लेकिन आज हकीकत? अपना मानना है सात अक्टूबर 2023 की तारीख इजराइल का न केवल 9/11 है, बल्कि वैश्विक पैमाने पर इस्लाम बनाम यहूदी, इस्लाम बनाम पश्चिम, इस्लाम बनाम शेष धर्मों के सभ्यतागत संघर्ष की वह नई चिंगारी है, जिससे विश्व राजनीति में यूक्रेन–रूस युद्ध जैसा मोड़ आए। और यूरोप के बाद अरब–खाड़ी–पश्चिम एशिया में भी भारी उथल–पुथल।

कल्पनातीत है यह सोचना की इजराइल को अपने पिछवाड़े की आतंकी तैयारियों का भान नहीं हुआ, जबकि दुनिया और खुद इजराइल दशकों से आतंकवाद झेलता हुआ है। सात अक्टूबर 2023 को आतंकियों ने जब सैकड़ों की संख्या में इजराइल पर धड़ाधड़ रॉकेट दागे तो उसके नेता और अधिकारी हैरानी में कहते हुए थे कि– हमें नहीं पता कि ये कैसे हो गया।

वह इजराइल, वह मोसाद, जिससे दुनिया के देश खुफियागिरी के पाठ पढ़ते हैं, जो उन सॉफ्टवेयर (पैगासस आदि), उपकरणों का निर्यातक है, जिससे भारत सहित दुनिया भर के देशों में नागरिक अधिकारों और लोगों की निजता का हनन होता है। वह इजराइल, जिससे अरब देशों में खौफ रहा है। वह इजराइल, जिसने ठीक पचास साल पहले 1973 में मिस्र–सीरिया की साझा अरब सेनाओं के योम किप्पूर युद्ध की अप्रत्याशितता के बावजूद तुरंत जवाबी मुकाबले में अपने को झोंक दिया था। वह इजराइल, जिसने एक दशक से हमास, हिज्बुल्ला को हर तरह से ठोका और पस्त किया लेकिन वह नहीं समझ पा रहा है कि 'ये कैसे हो गया'।

जवाब है नेतन्याहू की सत्ता भूख और इजराइली जनता का दो खेमों में बंटा हुआ होना। नेतन्याहू बतौर लिकुड नेता उन कट्टर यहूदियों के वोटों व उनकी प्रतिनिधि पार्टियों के एलायंस से प्रधानमंत्री बनते रहे हैं, जिन्होंने धर्म और राष्ट्रवाद में यहूदियों को ही दो हिस्सों में बांट दिया। हां, हमास के हमले के बाद देश के सभी यहूदी अभी जरूर एकजुट हैं लेकिन हमले से पहले इजराइली लोग दो खेमों में बंटे हुए थे। नेतन्याहू समर्थक और नेतन्याहू विरोधी। कट्टरपंथी बनाम उदारवादी। जैसे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडेन। भारत में मोदी भक्त बनाम मोदी विरोधी। और यह सत्य भी नोट रखें कि विश्व राजनीति में नेतन्याहू, डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी का साझा चिन्हित रहा है।

जाहिर है इजराइली यहूदी हाल के सालों में विभाजित रहे हैं। नेतन्याहू ने सत्ता में बने रहने की भूख में कट्टरपंथियों को मनमानी करने दी। बात–बेबात फिलस्तीनी इलाके में तेवर दिखाते रहे। कभी यहूदी बस्तियों को फैलाने की जिद्द में तो कभी सीमा पार के हमास और हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले व कभी अल अक्सा मस्जिद इलाके में उकसाने वाली हरकतों से नेतन्याहू सरकार का मैसेज था कि वे ही हैं जो यहूदी हितों के लिए मर मिटने वाले हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कट्टरपंथियों के चंगुल में ऐसा मकडज़ाल बनाया, जिससे वे जहां अदालत में भ्रष्टाचार मामले में कटघरे में हैं तो वही अपने वर्चस्व के लिए संविधान व व्यवस्था से भी खिलवाड़ करते हुए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट याकि अदालती स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए जो संविधान संशोधन बनाया है उससे न केवल इजराइल में उनका स्थायी विरोध है, बल्कि दुनिया में भी बदनामी है।

तभी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनसे दूरी बनाई। यहूदी थिंक टैंक नेतन्याहू सरकार के आलोचक हुए। नेतन्याहू ने अपनी सरकार को अछूत और लोकतंत्र के नाम पर कलंकित किया। उनके खिलाफ विरोध आंदोलन इतने सघन हैं कि रिजर्व आर्मी के लोग भी विरोधी प्रदर्शनों व हड़ताल पर उतरे। एयरपोर्ट कंट्रोलरों से ले कर सुरक्षाकर्मी सभी ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन–धरना में हिस्सा लिया। इजराइल अंदरूनी तौर पर बिखरा और विभाजित हुआ।

इसलिए 'हमें नहीं पता कि ये कैसे हो गया' की जिम्मेवारी एक अकेले नेतन्याहू की बनती है। नेतन्याहू अपनी सत्ता, अपनी तिकड़मों में देश और उसकी व्यवस्था को ऐसा बेसुध व लापरवाह बना बैठे, जिससे सरकार, सुरक्षा बल और खुफिया एजेंसियां आदि किसी को भी नहीं सूझा कि दुश्मन इसका फायदा उठा सकता है।

सही में आतंकी फिलस्तीनी संगठन हमास का सात अक्टूबर 2023 का आपरेशन 'अल अक्सा फ्लड' इजराइल की अंदरूनी स्थितियों का परिणाम है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू की बनवाई अंदरूनी कलह का नतीजा है। संदेह नहीं कि इजराइल के बाहुबल के आगे आतंकी टिक नहीं पाएंगे। यहूदी इकठ्ठे हो गए हैं। राष्ट्रपति बाइडेन और पश्चिमी देश इजराइल के पीछे आ गए हैं। मगर इजराइल की इमेज, धमक को जो नुकसान होना था वह तो हो चुका है। 1967 और 1973 की अरब–इजराइल लड़ाई से इजराइल का जो वैश्विक रूतबा बना था वह सात अक्टूबर 2023 से अब धूल धसरित है। कौन अब मोसाद को सर्वाधिक काबिल खुफिया एजेंसी मानेगा? कौन अब यह मानेगा कि सिर्फ 25 मील लंबी और छह मील चौड़ी गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक के 22 लाख लोगों का इजराइली पिछवाड़ा हमेशा इजराइल की दबिश में रहने वाला है? हमास अब न केवल 55 लाख फिलस्तीनियों के दिलों पर राज करते हुए है, बल्कि दुनिया भर के उन इस्लामी उग्रवादियों, कट्टरपंथियों, आतंकियों और ईरान से ले कर चीन जैसे उन तमाम देशों का महानायक है, जो पश्चिमी सभ्यता और यहूदियों से किसी न किसी बात पर पंगा ठाने हुए हैं।

कहने को नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को हम मिट्टी में मिला देंगे। लेकिन गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में जिस तादाद में फिलस्तीनी लोग हमास के पक्ष में सडक़ों पर उमड़े हैं और आतंकियों ने इजराइली बंधकों को वहां के अपने ठिकानों में छुपाया है तो उस रियिलटी में इजराइली सैनिक कितनों को मिट्टी में मिला सकते हैं? हमास का आपरेशन फिलस्तीनियों को, इस्लामी देशों को और दुनिया को मैसेज देने के लिए है। यह इस्लामी आतंकियों में जान फूंकने के लिए है। यह इजराइल के अरब देशों से बनते रिश्तों को तुड़वाने वाला है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू को पहले यहूदी बंधकों को छुड़वाना है। फिर हमास और उनके आतंकियों के ठिकाने खत्म करने हैं। ऐसा करते हुए वे गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक की मौजूदा व्यवस्था को खत्म करें, वहां की कथित स्वायत्त व्यवस्था को मिटाएं यह संभव नहीं और यदि ऐसा कर भी दें तब 22 लाख लोगों की आबादी को पिंजरे में बंद करके रखना और मुश्किल होगा।

जाहिर है सात अक्टूबर 2023 का दिन देर–सबेर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के लंबे मगर कलंकित अध्याय के खत्म होने का प्रारंभ है तो वही बतौर राष्ट्र–राज्य इजराइल को नए सिरे से सोचना होगा कि फिलस्तीनी मसले का वह क्या समाधान निकले, जिससे हमास और हिजबुल्ला फिलस्तीनी संघर्ष के लड़ाके न माने जाएं, बल्कि आतंकी कहे जाएं? कटु सत्य है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के नेता भले हमास को आतंकी करार दे रहे हैं लेकिन 'न्यूयॉर्क टाइम्स' आदि उन्हें फिलस्तीनी संघर्ष के लड़ाकू, मिलिटेंट लिख रहे हैं। सो, इजराइल पर हमास ने जो हमला बोला है और उसके समर्थन में फिलस्तीनी जैसे कूदे हैं तो नेतन्याहू से ले कर इजराइली प्रभु वर्ग को समझ आ रहा होगा कि अब नए सिरे से नया सोचना होगा। नया कुछ करना होगा।

# इजराइल बनाम हमास दुनिया पीछे जा रही!



**श्रुति व्यास**

सात अक्टूबर को यहूदियों की छुट्टी का दिन था।और उसी दिन इजराइल थर्राया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदियों को संबोधित करते हुए कहा वे जंग के अधबीच हैं।तुरंत एक बंटा और बिखरा हुआ देशएकजुट हो गया।और योम किपुर युद्ध के ठिक 50 साल बाद इतिहास अपने को दोहराता हुआ। और दुनिया फिर एक और जंग की और।

हमास के इजराइल पर इस अचानक हमले से सभी चकित रह गए। इजराइल का मज़बूत आतंकवाद निरोधक ढांचा हकबका गया। सवाल है उसका रक्षा तंत्र इतनी बुरी तरह से असफल क्यों हुआ? एक ऐसे देश जिसने पैगासिस के जरिए सभी के जीवन में घुसपैठ की हुई है उसे अपनी बाड़ के पार मौजूद आंतकवादियों के इरादों और तैयारियों की हवा तक क्यों नहीं लगी? इजराइल बहुत ही होशियारी से फिलिस्तीनी समुदाय की निगरानी, उनके बीच में घुस कर करता रहा है। और हमास की गतिविधियों पर नजर रखना तो उसके सुरक्षा ढांचे के सबसे प्रमुख कार्यों में एक है। लेकिन 7 अक्टूबर की सुबह इजराइल हैरान रह गया।तभी यह न केवल इंटेलिजेंस की नाकामी है बल्कि इजराइल के पूरे तंत्र की नाकामी है।

हमास ने पिछले 50 साल में इस यहूदी राष्ट्र पर सबसे बड़ा और बर्बर हमला किया है।इस हमले को उसने इजराइल द्वारा येरूशलम की टेम्पल माउंट पहाड़ी पर स्थित अल–अक्सा के परिसर पर किए गए 'हमले' का जवाब बताया है।इन पंक्तियों को लिखे जाने तक लड़ाई और बमबारी चरम पर थी। इजरायली अधिकारियों के अनुसार हमास के हमले में कम से कम 300 इजराइलियों की मौत हो चुकी है और 1,590 घायल हैं। गाजा में इजराइल की जवाबी कार्यवाही में भी 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी जान गंवा चुके हैं और 1,610 घायल हैं।हमास ने दर्जनों इजरायली फौजियों और नागरिकों का अपहरण किया है।उधर इजराइल ने गाजा की बिजली–पानी–राशन सबकी सप्लाई काट दी है। लोग अपने घर छोडक़र भाग रहे हैं। इजराइल में पूरी तरह तालाबन्दी है और लोगों को भूमिगत रहने को कहा गया है।

हमास हमेशा से लंबी अवधि की योजनाएं बनाता रहा है। सैन्य चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता बेहतर हुई है और इजराइल की कमजोरियों की पहचान करने और उसके अनुरूप योजना बनाने में वह सिद्धस्त है। और इस सच्चाई को इजराइल के सुरक्षा बल भलीभांति जानते हैं। इसलिए हमले के असरकारकल होने से हमास की ख़ुशी का ठिकाना नहीं है।हमास के प्रवक्ता गाजी हमद ने कहा है,''हमने यह साबित कर दिया है किज्इजराइल एक ताकतवर देश नहीं है, हम उसे हरा सकते हैं, हम छोटेझ्छोटे समूहों के जरिए उसे रोक सकते हैं, इसके लिए हमें बड़ी सेना की जरूरत नहीं है,"

यह हमला और इजराइल की अपेक्षित जवाबी कार्यवाही झ दोनों पिछले कुछ सालों में सबसे बड़े पैमाने पर होंगी। मई 2021 में 11 दिन तक चले इजराइल–गाजा युद्ध को इजराइल ने हमास की ताकत के बारे गलतफहमी का नतीजा माना था। हाल के सालों में इजराइल और गाजा के बीच हुए अन्य तीन टकरावों में फिलिस्तीनी इस्लामिक जेहाद शामिल था, जो अपेक्षाकृत छोटा संगठन है।पर पिछले टकराव कुछ ही दिनों में खत्म हो गए थे। इजराइल की नीति आहिस्ता–आहिस्ता गाजा पर लगाई पाबंदियों को हटाने की रही है।

वह दिन में काम करने के लिए 20,000 लोगों को इजराइल आने की अनुमति देता है जो गाजा के लिए बहुत ज़रूरी धन वहां पहुंचाते हैं।इसलिए इजरायली अधिकारियों ने अभी से कहना शुरू कर दिया है कि इस हमले का नतीजा यह होगा कि गाजा के लोगों का जीवनस्तर बेहतर करने के उद्देश्य से लागू की जा रही नीतियां लंबे समय तक ठंडे बस्ते में रहेंगीं। नि:संदेह गाजा कई दशक पीछे चला जायेगा। इजराइल की भी यही स्थिति होगी। इजराइल भी पस्त है। उसके किबुतसीमों और सेडार्ट शहर में बेरोकटोक घूमते फिलिस्तीनी लड़ाकों की फोटो और वीडियो, उसकी सैनिक ताकत की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला रहे हैं। इससे क्षेत्र में सक्रिय हिज़्बुल्लाह जैसे अन्य संगठनों की हिम्मत बढ़ जाएगी। हिज़्बुल्लाह, लेबनान स्थित ईरान–समर्थित शिया आंदोलन है, जो हमास के उन नेताओं की मेजबानी कर रहा है जो गाजा या बेरूत के वेस्ट बैंक में नहीं रहते और जिनका इस हमले की योजना बनाने में भी हाथ हो सकता है।

इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि युद्ध समाप्त होने के बाद नेतन्याहू के नेतृत्व पर सवाल उठेंगे। पिछले नौ महीनों से इजराइल अपने आंतरिक मसलों से जूझ रहा है। उसकी अति–दक्षिणपंथी सरकार अत्यंत विवादग्रस्त संवैधानिक सुधारों को लागू करने का प्रयास कर रही है। कई रिज़र्व सैनिक, जो इन सुधारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में सक्रियता से भाग ले रहे थे, लड़ाई में शामिल होने के लिए आ गए हैं लेकिन वे बीबी पर ऊंगली उठाएंगे। इसी तरह नेतन्याहू के विरोधी, जो अभी उनकी आलोचना करने से परहेज कर रहे हैं, भी चुप नहीं रहेंगे। आज युद्ध का दूसरा दिन है। नेतन्याहू के अति दक्षिणपंथी साथी उन पर गाजा पर निर्णायक हमला करने और शायद दुबारा उस पर पूरी तरह से कब्जा करने का दबाव डालेंगे।

इजराइल पर हमास के इस हमले ने मध्यपूर्व क्षेत्र में चल रही शांतिवार्ताओं पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। कई हफ़्तों से दुनिया इजराइल और सउद्दी अरब के कूटनीतिक रिश्ते कायम होने के ऐतिहासिक समझौते की प्रतीक्षा कर रही थी। किंतु अब इसमें एक बड़ा 'अगर' बाधा बनकर खड़ा हो गया है। अमेरिका के पूर्व सैन्य एवं गुप्तचर अधिकारियों का मानना है कि हमास के इस समय हमला करने का मुख्य उद्देश्य इजराइल और सउद्दी अरब के बीच चल रही वार्ताओं में बाधा डालना है क्योंकि ऐसा लग रहा था कि रियाद, इजराइल के साथ संबंध सामान्य करने के मुहाने पर था। आखिरकार सउद्दी हमास को पसंद नहीं करते लेकिन उनके वक्तव्य से यह साफ है कि सउद्दी अरब को लग रहा था कि इजराइल में कुछ होने वाला है।

इस क्षेत्र की शांति भंग हो गई है और जंग जारी है। आगे घटनाक्रम क्या स्वरूप लेगा और इसका विश्व राजनीति पर क्या प्रभाव होगा, यह साफ नहीं है। लेकिन अभी इस प्रश्न पर सोचनावाजिब है कि प्रभाव सकारात्मक तो कतई नहीं होगा।

इजराइल, हमास और दुनिया के हम सब पीछे जा रहे हैं, उस अतीत की और जाते हुए जब खून बहता हुआ होगा और लोग बेघर और बेजमीन होंगे। पिछले दो विश्व युद्ध से कई गुना अधिक खूनखराबे वाला वक्त!

# वजन कम करना हो या फिर स्ट्रेस से छुटकारा पाना हो... बस रोज कुछ देर कर लें ये एरोबिक एक्सरसाइज



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर काफी सजग हो चुके हैं. लोग अब खुद पर ध्यान देने लगे हैं. ऐसे में वह कई तरह की एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट करते हैं. वहीं, योगा क्लासेस, जिम जाने वाली महिलाओं और लड़कियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है. ऐसी ही फिटनेस फ्रीक महिलाओं के लिए हम कुछ बेहद फायदेमंद एरोबिक एक्सरसाइज की जानकारी लेकर आए हैं. अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं तो इन सिंपल एरोबिक एक्सरसाइजेज़ के जरिए आसानी से वजन कम कर सकती हैं. इनको करने से आपका तनाव भी दूर रहेगा. इनके और भी कई फायदे हैं...

**साइकिलिंग** साइकिल चलाना महिलाओं के लिए बेस्ट एक्सरसाइज में शामिल है. इसे रोज करने से थाइज़, हिप्स और घुटनों की स्ट्रेचिंग होती है. वहीं, आपकी लोअर बॉडी शेप में आती है.

**जॉगिंग** इस एक्सरसाइज से आप फिट और परफेक्ट फिगर पाने में कामयाब हो सकती हैं. इसे रोज करने से आपके शरीर में फुर्ती भी बनी रहती है. सुबह–सुबह जॉगिग करने से माइंड भी फ्रेश रहता है.

**रस्सी कूदना** रस्सी कूदना वैसे तो सभी के लिए बेस्ट एक्सरसाइज है, लेकिन यह महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद है. इससे आपकी पूरी बॉडी पर असर पड़ता है. शुरू में अपनी कैपेसिटी के अनुसार स्कीपिंग करें और धीरे–धीरे काउंट बढ़ाते जाएं. फर्क आपको खुद नजर आएगा.

**सीढियां चढना**

यह तो हमें हमेशा से ही कहा जाता है कि सीढ़ी चढना आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. ऐसे में लिफ्ट के बजाए ज्यादा से ज्यादा सीढियों का इस्तेमाल करने की कोशिश करें. इससे थाइज़ और हिप्स एरिया के आसपास का फैट कम होता है.

**डांस से करें प्यार**

डांस करना सिर्फ आपके एंटरटेनमेंट का हिस्सा नहीं है. यह आपके लिए एक बेहतरीन एक्सरसाइज भी है. रोज कम से कम एक घंटा डांस की प्रैक्टिस करें. फर्क आपको साफ नजर आएगा.

**स्विमिंग**

हर महिला को स्विमिंग आनी चाहिए. इससे कई फायदे हैं. इससे आपकी अपर बॉडी सुडौल बनती है. परफेक्ट फिगर के लिए है यह एक्टिविटी कारगर मानी जाती है.

**जंपिंग जैक**

इस एक्सरसाइज को करने से बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है, जिससे जल्दी फैट बर्न होता है. रोजाना इसे करने से आप तेजी से वजन घटा सकती हैं.

# मायावती अपने पत्ते अभी नहीं खोलेंगी

बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती भले अभी कह रही हैं कि वे भाजपा के गठबंधन एनडीए और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से समान दूरी रखेंगी लेकिन असल में यह उनका अंतिम स्टैंड नहीं है। यह एक पोजिशनिंग है, जो अभी के समय के हिसाब से की जा रही है। मायावती अगले साल के लोकसभा चुनाव को लेकर अपने पत्ते अभी नहीं खोलने जा रही हैं। बसपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि मायावती अगला लोकसभा चुनाव किसी गठबंधन में शामिल होकर लड़ेंगी या अकेले लड़ेंगी इस बारे में वे अपने जन्मदिन के मौके पर यानी 15 जनवरी को कोई बड़ी घोषणा कर सकती हैं। आमतौर पर मायावती का जन्मदिन बड़े राजनीतिक महत्व का होता है। अगले साल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आ रहा उनका जन्मदिन और अहम हो गया है।



बताया जा रहा है कि मायावती ने पिछले दिनों कुछ नेताओं को इसका संकेत दिया है कि वे अगले साल जनवरी में कोई बड़ी घोषणा करेंगी। ध्यान रहे कई पार्टियों के नेता उनसे गठबंधन के लिए संपर्क कर रही हैं। कांग्रेस और भाजपा के अलावा समाजवादी पार्टी भी उनके संपर्क में है। घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में मायावती ने उम्मीदवार नहीं दिया था, जिसका फायदा सपा को हुआ था। सपा ने इसके लिए उनको धन्यवाद भी दिया। उससे पहले जुलाई में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर उनको बधाई देकर मायावती ने सद्भाव दिखाया था। सो, दोनों पार्टियों के बीच ऐसा नहीं है कि सब कुछ खत्म हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव के जैसे तालमेल से इस बार भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ध्यान रहे पिछले चुनाव में सपा से तालमेल का सीधा फायदा बसपा को हुआ था।

बहरहाल, बसपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक मायावती के जनवरी तक फैसला टालने के पीछे दो कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि नवंबर में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं, जिनके नतीजे दिसंबर में घोषित होंगी। वे देखना चाहती हैं कि विपक्षी गठबंधन खास कर कांग्रेस पार्टी का इन चुनावों में क्या प्रदर्शन रहता है। इन नतीजों के आधार पर वे अपने विकल्पों का आकलन करेंगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस भी तालमेल के लिए बसपा के संपर्क में है और प्रियंका गांधी वाड्रा ने मायावती के भतीजे आकाश आनंद से बात की है। अगर कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होता है और मायावती को लगता है कि कांग्रेस का वोट उसकी ओर वापस लौट रहा है तो वे उस हिसाब से तालमेल का फैसला करेंगी। दूसरा कारण यह है कि वे सरप्राइजए एलीमेंट रखना चाहती हैं। अभी से तालमेल की घोषणा के कई नुकसान हैं। पहला नुकसान तो यह हो सकता है कि केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी, जिसकी आशंका काफी समय से जताई जा रही है और कहा जा रहा है कि इस वजह से ही मायावती निष्क्रिय हैं।

दूसरा नुकसान यह है कि भाजपा को नए सिरे से तैयारी का मौका मिल जाएगा। अगर वे 15 जनवरी को घोषणा करती हैं तो वह चौंकाने वाला होगा

## गाजा बार्डर पर इजराइल का कब्जा, 1,500 हमास आतंकियों की लाशें मिलीं

**यरूशलम ,एजेंसी।** इजराइल की सेना ने मंगलवार को हमास के साथ अभूतपूर्व लड़ाई के चौथे दिन दावा किया कि उसके पास इजराइल में मिले हमास आतंकवादियों के लगभग 1,500 शव हैं। इजरायली रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि गाजा पट्टी के आसपास इजरायल में हमास (उग्रवादियों) के लगभग 1,500 शव पाए गए हैं।

सुरक्षा बलों ने गाजा के चारों ओर सुरक्षा बाड़ के क्षेत्र पर कमोबेश नियंत्रण बहाल कर लिया है, जिसे हमास के आतंकवादियों ने तोड़ दिया था। तटीय फिलिस्तीनी एन्क्लेव के आसपास के क्षेत्र में 35 बटालियन तैनात की गई हैं। सीमा से सटे समुदायों के निवासियों को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इज़रायली राज्य मीडिया और एन्क्लेव में सशस्त्र समूहों के अनुसार, इज़रायल में कम से कम 900 लोग मारे गए हैं, जबकि गाजा में लगभग 130 नागरिकों और सैनिकों को बंधक बनाया गया है।

## कैमरून में भूस्खलन से 30 की मौत, बचाव कार्य जारी

**याउंडे ,एजेंसी।** कैमरून की राजधानी याउंडे में भूस्खलन के बाद मलबे में दबे घरों और इमारतों के बाद बचाव कर्मियों ने तीन और शव निकाले, इससे आपदा में मरने वालों की संख्या 30 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बचाव प्रयासों के प्रभारी राष्ट्रीय अग्निशमन ब्रिगेड ने कहा कि आपदा स्थल पर बचाव अभियान अभी भी जारी है, जहां दर्जनों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। भूस्खलन, स्थानीय समयानुसार, रविवार रात 8 बजे, लगातार बारिश के बाद याउंडे के बैंकोलो के पहाड़ी इलाके में हुआ। अनुमान है कि बाढ़ में 25 घर बह गये।

देश के प्रादेशिक प्रशासन मंत्री पॉल अटांगा एनजी ने पहले सोमवार को आपदा स्थल का दौरा किया और कहा कि त्रासदी में बचाए गए कुछ लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एनजी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। पिछले साल नवंबर में याउंडे में एक अंतिम संस्कार में शामिल हो रहे 14 लोग भूस्खलन में मारे गए थे।

## भारत–पाकिस्तान में झुलसेंगे 220 करोड़ लोग

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नए शोध में खुलासा हुआ है कि वैश्विक तापमान अगर पूर्व–औद्योगिक स्तर से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो उत्तर भारत और पाकिस्तान में रहने वाले लोगों को लंबे समय तक अधिक गर्मी का अनुभव हो सकता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज (पीएनएएस) जर्नल में प्रकाशित शोध से संकेत मिलता है कि ऐसे परिदृश्य में उत्तर भारत, पूर्वी पाकिस्तान, पूर्वी चीन और उप–सहारा अफ्रीका को मुख्य रूप से हाई ह्ययूमिडिटी वाली गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। उच्च आर्द्रता वाली गर्म हवाएं अधिक खतरनाक हो सकती हैं।

## आदित्य ठाकरे ने चुनाव आयोग से पूछा : महाराष्ट्र में उपचुनाव क्यों नहीं

**नागपुर ,एजेंसी।** पूर्व मंत्री और शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे ने चुनाव आयोग से पूछा कि वह महाराष्ट्र में दो लोकसभा सीटों के लिए उपचुनाव क्यों नहीं करा रहा है। आयोग ने सोमवार को पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा की।

# इजरायल–हमास संघर्ष के बीच कसोल से वापस अपने देश लौटने लगे इजरायली युवा

**कुल्लू, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बाद जहां दोनों देशों के तनाव की स्थिति बनी हुई है, तो वहीं इसका असर अब भारत पर भी देखने को मिल रहा है। इजराइल के निवासी जहां भारत के विभिन्न इलाकों में घूमने के लिए आए थे वे अब इस घटना के बाद वापस अपने देश जा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के मिनी इजराइल कहे जाने वाले कसोल में भी इजरायल के रहने वाले नागरिकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले के बारे में जानकारी मिली तो वह भी अब वापस अपने देश की ओर रवाना हो रहे हैं। वहीं यहां रहने वाले कई युवा फौज में है तो कई अपने देश के लिए सेवा देने के लिए तत्पर नजर आए। कसोल में अधिकतर इजरायली पहले ही वापस जा चुके हैं। ऐसे में बाकी बचे हुए इजरायली भी अब अपने साथियों के साथ अपने दूतावास से संपर्क कर रहे हैं। ताकि हवाई सेवा के माध्यम से वह वापस इसराइल पहुंच सके।

इजराइल की रहने वाली युवेल ने बताया की इजराइल में चल रहे युद्ध के बाद उन्होंने अपने परिवार से संपर्क किया है। उनका परिवार इजराइल के नॉर्थ एरिया में रह रहा है। अभी तक इजराइल के हालत बेहद ही खराब हैं। हालांकि उनकी परिवार से बात हुई है, और वह सब ठीक हैं। लेकिन वहां पर रह रहे लोगों को भी पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। पिछले कई दिनों से इजराइल के कई लोग लापता हैं जिनके बारे में किसी को अभी तक कोई खबर नहीं है। शायद उन लोगों का अपहरण हो गया हो। उसका कहना है कि हम यहां भारत में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यहां के लोग बेहद ही मददगार हैं। हालांकि कुछ अलर्ट्स हैं जहां हमें अपने आस पास का ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। लेकिन अब हम घर वापस जाकर अपने देश के लिए इस मुश्किल हालात में लड़ना चाहते हैं।

कसोल में छुट्टियां बिताने आए डेविड ने बताया की इजरायल में चल रहे ट्रांस फेस्टिवल में कई लोग मारे गए। जिसमे हमारी उम्र के कई लोग मारे गए है। जिसके वीडियो हमास द्वारा कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म में प्लेटफॉर्म्स में शेयर किए गए हैं। तरह की घटना अभी तक की उम्र में मैंने पहली बार देखी। मुझे यह नहीं पता मालूम कि मुझे घर वापस जाना



चाहिए या नहीं क्योंकि यहां पर इंडिया में यहां पर सेफ जरूर हैं लेकिन इस हालत में घर वालों के पास होना भी जरूरी है। मैं कॉम्बैट सोल्जर नहीं हुं लेकिन हमारी बीच कई सैनिक थे। जो वापस इजराइल के लिए चले गए हैं। जबसे इजरायल को आजादी मिली है तभी से ही फिलिस्तीन युद्ध के बाद युद्ध किए जा रहा है। क्योंकि वह चाहते है की इजराइल में यहूदी न रहें। इजराइल में कई सारे लोग अभी भी मिसिंग है और वहां की तस्वीर बहुत ही भयानक है।

डेविड का कहना है कि इजराइल और फिलिस्तीन के बीच का विवाद बेहद ही मुश्किल रहा गई। हम चाहते है की वर्ल्ड लीडर्स इस बारे में देखे और इस मुश्किल समय में इजराइल की मदद करें। डेविड ने बताया की उन्हे मालूम नही की इजराइल में अभी क्या हालत है। लेकिन जो भी अपहरण किया हुए लोग है। उन्हे गाज़ा के रखा गया है। इजराइल इन सभी लोगों को बचाने का हर संभव प्रयास करेगा। और जल्द ही इन हालात को सुधारा जाए।

वहीं, दूसरी तरफ इजराइल की रहने वाली नामा ने बताया कि हाल ही में वह इजराइल आर्मी में अपनी सर्विस देकर छुट्टियां मनाने भारत आई थीं। लेकिन हाल ही में हुए इजराइल हमले के बाद वह यहां बैठ कर अपनी छुट्टियां नही बीता सकती। उसके पिता और भाई गाजा में अपनी सेवाएं दे रहे है। और अब वह भी घर वापस जाकर अपने देश की मदद करना चाहती हैं। वह दिल्ली वापस जा रही हैं। उसकी सहेली को हाल ही में फोन आया है की उन्हें इजराइल वापस आकर अपनी सेवाएं देनी हैं। उन्हें उम्मीद है की अब दिल्ली पहुंच कर उनके घर जाने का भी जल्द से जल्द प्रावधान हो, ताकि इस मुश्किल घड़ी में वह अपनी देश की मदद कर सके।

इजराइल की रहने वाली डेनिश कनाज़ी ने बताया की वह सेंटर इजरियल की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया की अब उन्हें आर्मी में वापस जाना पड़ेगा क्योंकि उन्हे कॉल आ गया है। हालांकि इजराइल में हुई घटना बेहद ही दुखदाई है। पूरा देख बुरे हालात में हैं, और हम भी अब वापस जाकर देश के कोई अपनी सेवाएं देना चाहते हैं। हम यहां पर अपनी छुट्टियां मना रहे थे और बेहद खुश थे, लिए इस हालत में इजराइल की खबर सुनते ही खुशी गम में बदल गई। लेकिन इजराइल के हालत बेहद ही बुरे हैं। उसने बताया की आर्मी में रहते हुए कई लोगों की मदद की है, चाहे वह फिलिस्तीन ही हो। उनके द्वारा अब जो हालत इजराइल में किया गए हैं ये बेहद ही दुखद हैं। अब वह भारत में अपनी छुट्टियां रद्द कर अपने देश वापस जा रही हैं।

कसोल में खबाद हाउस के मैनेजर अभियाल ने बताया कि वो अब हाउस को बंद कर रहे हैं और इजरायल जाकर वो भी आर्मी में अपनी सेवाएं देगा। उन्होंने बताया कि कसोल में 100– 200 इजरायली लोग रह रहे थे। जिनमें से कई इजरायल में युद्ध की खबर सुनने के बाद वापस इजरायल के लिए लौट चुके हैं और कई वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन फ्लाइट न होने के कारण सभी को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया की वह भी कुछ और दिनों तक कसोल में रहेंगे। फिर इस जगह को बंद करके अपने देश लौटने की कोशिश करेंगे। कसोल में रह रहे कई इसराइली नागरिक अभी घर जाएं या ना जाएं इस असमंजस में है। क्योंकि उनके इलाकों में हालत खराब हो चुके हैं और यहां कसोल में वह खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे है।

उनका खुद का परिवार भी इस अटैक में फंस गया था। लेकिन अब वह सुरक्षित हैं और उनके परिवार के सदस्य भी आर्मी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कसोल में रहते हुए उन्होंने हिमाचल पुलिस का शुक्रिया किया है। जो कसोल में रह रहे इजरायल के लोगों की मदद कर रही है। जिसके कारण यहां पर वह सभी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान के ठिकानों पर ईडी की दबिश, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कसा शिकंजा

**दिल्ली ,एजेंसी।** आप के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर ईडी ने छापेमारी की है। बता दें कि ईडी ने दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दायर एक एफआईआर के आधार पर विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी। आज प्रवर्तन निदेशालय इसी मामले में अमानतुल्लाह खान के घर पर पहुंची है। श्बष्ठ ने ये रेड पिछले साल अमानतुल्ला खान के ऊपर लगे वक्फ़ बोर्ड घोटाले को आधार बनाकर डाली है।

पिछले साल एन्टी करप्शन ब्यूरो ने अमानत से जुड़े 5 ठिकानों पर दिल्ली में रेड की थी। इस रेड के 12 लाख रुपये कैश, एक बिना लाइसेंसी बरेटा पिस्टल, और 2 अलग–अलग बोर के कारतूस बरामद हुए थे। प्रवर्तन निदेशालय ओखला से आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि पिछले साल अमानतुल्लाह खान पर वक्फ बोर्ड की जमीन को लेकर घोटाला करने का आरोप लगा था। इसी आरोप को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर यह छापा मारा है। उनके घर की तलाशी के दौरान कुछ डायरियां बरामद हुईं थीं।

## दानिश अली–रमेश बिधूड़ी विवाद पर विशेषाधिकार समिति की पहली बैठक आज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोक सभा की विशेषाधिकार समिति की मंगलवार को पहली बैठक होगी। बताया जा रहा है कि बिधूड़ी और दानिश अली, दोनों ही सदन की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों के बचाव में अपना–अपना पक्ष रख सकते हैं। संसद के विशेष सत्र में लोक सभा में 'चंद्रयान–3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां' पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने पिछले महीने 21 सितंबर को दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

दानिश अली के अलावा लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले, टीएमसी सांसद अपरूपा पोद्दार, डीएमके सांसद कनिमोझी सहित विपक्ष के कई अन्य सांसदों ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। वहीं, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और रवि किशन ने भी लोक सभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर दावा किया था कि पहले अली ने बिधूड़ी को उकसाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।भाजपा राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भी स्पीकर को पत्र लिखकर दानिश अली के व्यवहार की शिकायत की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही पक्षों ने स्पीकर से इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेज कर जांच करवाने का आग्रह किया था। दोनों पक्षों की तरफ से कई सांसदों की शिकायत मिलने के बाद लोक सभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी शिकायतों को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजते हुए पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

## अमरावती इनर रिंग रोड मामले में लोकेश सीआईडी के समक्ष पेश

**अमरावती ,एजेंसी।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश मंगलवार को अमरावती इनर रिंग रोड संरेखण मामले में पूछताछ के लिए अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के सामने पेश हुए। लोकेश सुबह 10 बजे से पहले ताडेपल्ली स्थित सीआईडी कार्यालय पहुंच गए। सीआईडी अधिकारी शाम 5 बजे तक उनसे पूछताछ कर सकते हैं। सीआईडी ने 30 सितंबर को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत टीडीपी नेता को नोटिस दिया था, इसमें उन्हें 4 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया गया था।

बाद में, लोकेश की याचिका पर, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सीआईडी को उनसे पूछताछ एजेंसीतक स्थगित करने का निर्देश दिया था। अदालत ने टीडीपी महासचिव को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूछताछ के लिए सीआईडी अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा था। सीआईडी ने 26 सितंबर को विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में एक मेमो दाखिल किया था, जिसमें लोकेश को मामले में 14वां आरोपी बताया गया था। लोकेश ने बाद में मामले में अग्रिम जमानत के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया था।

सुनवाई के दौरान सीआईडी ने अदालत को बताया कि वह आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत लोकेश को नोटिस जारी करेगी। चूंकि मामले में गिरफ्तारी की आशंका नहीं है, इसलिए अदालत ने टीडीपी नेता को जांच में सहयोग करने का निर्देश देकर उनकी याचिका का निपटारा कर दिया। लोकेश टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे हैं, जो कौशल विकास घोटाले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। सीआईडी ने पहले ही नायडू को अमरावती इनर रिंग रोड मामले और एपी फाइबरनेट मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है और विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में उनके खिलाफ कैदी ट्रांजिट (पीटी) वारंट याचिका दायर की है।

### संजय सिंह को नहीं मिली राहत, हिरासत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को भी राहत नहीं मिली और कोर्ट ने उनकी हिरासत की अवधि को बढ़ा दिया। मतलब संजय सिंह अभी और ईडी की हिरासत में रहेंगे। दिल्ली शराब घोटाले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह की हिरासत 3 दिन के लिए बढ़ा दी है। विशेष सीबीआई जज एमके नागपाल के कोर्ट में पेश हुए संजय सिंह ने कोर्ट में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा अगर बाहर मेरा एनकाउंटर हो जाएगा तो किसकी जिम्मेदारी होगी। इसके जवाब में ईडी ने कहा है कि इसकी जिम्मेदारी हमारी होगी।

## हिंदू नेता को हिस्ट्रशीटर बनाने के विरोध में गाजियाबाद में डीएम दफ्तर का घेराव

**गाजियाबाद ,एजेंसी।** गाजियाबाद पुलिस ने हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी तोमर के खिलाफ गुंडा एक्ट और हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की है। इसके खिलाफ मंगलवार को गाजियाबाद में डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन हो रहा है। कई साधु–संतों ने भी इस प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया है। डीसीपी ने साफ तौर पर कह दिया है कि जनपद में धारा–144 लागू है। अगर बिना अनुमति लोग इक्ा होते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

दरअसल 23 सितंबर को शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में नाले में गोवंश के अवशेष मिले थे। इस सूचना पर पिंकी चौधरी अपने समर्थकों सहित पहुंचे थे। यहां वे फेसबुक लाइव पर आए और हिन्दुओं के लिए भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया।शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने इस मामले में 2 अक्टूबर को पिंकी चौधरी पर एफआईआर दर्ज की थी। एक अक्टूबर को राजनगर एक्सटेंशन में पुलिस द्वारा 'जय माता दी' स्टीकर लगे वाहन का चालान काटने पर हिन्दू रक्षा दल ने हंगामा किया और धरना दिया। यहां भी पिंकी चौधरी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता की, मोबाइल छीनने का प्रयास किया था।

इस मामले में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने थाना नंदग्राम में भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया व 10–12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। तीन अक्टूबर को साहिबाबाद पुलिस ने पिंकी चौधरी के खिलाफ गुंडा एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसमें पुराने चार मुकदमों का हवाला दिया गया है, जो अलग–अलग थानों में दर्ज हैं।डीसीपी शुभम पटेल ने बताया, पिंकी चौधरी पर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस आधार पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। 7 अक्टूबर को पुलिस ने पिंकी चौधरी की हिस्ट्रीशीट खोल दी। इस कार्रवाई के खिलाफ पिंकी चौधरी ने मंगलवार को गाजियाबाद में डीएम दफ्तर घेरने का ऐलान किया। पिंकी चौधरी ने सोमवार रात वीडियो बयान जारी कर कहा, 'मैं थाने की दीवार पर अपराधियों की सूची में अपना नाम नहीं लिखवा सकता।

# आतंकियों के हाथ लग सकती है सेना की कॉम्बैट यूनिफॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना की वर्दी भी हथियार, गोला–बारूद और मिसाइलों की तरह ही महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक अहमियत रखती है। अगर यही वर्दी, आतंकवादियों और राष्ट्र विरोधी ताकतों के द्वारा इस्तेमाल में लाई जाए तो वह सेना को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। पुणे में भारतीय सेना की कॉम्बैट यूनीफॉर्म अनाधिकृत तरीके से बिक रही थी। राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में भी ऐसी ही घटनाएं देखने को मिली हैं। सेना ने लोकल पुलिस के साथ मिलकर कॉम्बैट यूनीफॉर्म बरामद की हैं। भारतीय सेना ने अपनी नई कैमोफ्लाज पैटर्न ड्रेस के डिजाइन और कैमोफ्लेज पैटर्न के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्राप्त कर लिए थे। इसके बावजूद यह वर्दी ओपन मार्केट में पहुंच जाती है। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है कि मौजूदा समय में कॉम्बैट यूनीफॉर्म निजी कंपनियों द्वारा तैयार की जा रही है। टीसीएल के तहत 4 आयुध कारखानों को यह जिम्मेदारी नहीं दी गई। एक तो इस वर्दी के कपड़े की क्वॉलिटी घटिया है, तो दूसरा इस यूनीफॉर्म का बाजार में पहुंचना, सुरक्षा के साथ खिलवाड़ की आहट है।

श्रीकुमार ने बताया, केंद्र सरकार ने 41 आयुध कारखानों को सात निगमों में तब्दील कर दिया था। रक्षा क्षेत्र के कर्मचारी संगठनों ने सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध किया था। हालांकि तमाम विरोधों को दरकिनार कर सरकार ने दो वर्ष पहले आयुध कारखानों को निगमों में परिवर्तित कर दिया। इसके बाद भारतीय सेना के लिए विभिन्न तरह की ड्रेस और पैराशूट तैयार करने वाले आयुध कारखानों से वर्कलोड छीना जाने लगा। आर्मी, एयरफोर्स और नेवी ने अपने जवानों के लिए कॉम्बैट यूनिफॉर्म सहित अन्य साजोसामान खरीदने का जो टेंडर जारी किया, उसमें ऐसी शर्तें लगा दी गईं, जिससे आयुध कारखाने, उस प्रक्रिया में भाग



ही न ले सकें। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ ने इस बाबत जनवरी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा था। उसमें कहा गया था कि अभी तक इन वस्तुओं की सप्लाई, आयुध कारखानों द्वारा ही की जाती रही है। आयुध कारखानों द्वारा तैयार ड्रेस एवं दूसरी वस्तुओं की गुणवत्ता और समय पर सप्लाई, इसके लिए सेना द्वारा कई अवसरों पर प्रशंसा भी की गई है। इसके बावजूद अब इन कारखानों को पर्याप्त काम नहीं दिया जा रहा। टीसीएल के तहत चार आयुध कारखानों को सेना की नई डिजाइन वाली वर्दी का कार्यभार प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ के महासचिव श्रीकुमार के मुताबिक, सेना द्वारा आयुध कारखानों को नजरअंदाज करते हुए चार निजी फर्मों को बहुत सस्ती दरों पर 12 लाख नई यूनीफॉर्म का ऑर्डर दे दिया गया। पहले ऐसे सभी ऑर्डर, आयुध कारखानों को मिलते थे। अब सेना की घटिया क्वॉलिटी वाली वर्दी की पहचान वाला ये नया डिजाइन बाजार में आसानी से उपलब्ध है। हाल ही में सेना द्वारा आयुध कारखानों को नजरअंदाज करते हुए 4 निजी फर्मों को बहुत सस्ती दरों पर 12 लाख नए आर्मी यूनीफॉर्म का ऑर्डर दिया गया था। सीएसडी कैंटीन में सेना की वर्दी का कपड़ा 2400 रुपये प्रति सेट में बेचा जाता है। चार निजी फर्मों ने यह ऑर्डर 1571 प्रति

### कैसे खुले बाजार में बेची जा रही है वर्दी?

सेट दिया है। जब आर्मी कैंटीन में कपड़ा ही 2400 रुपये में बेचा जाता है, तो निजी कंपनियां 1571 रुपये में वह भी सिली हुई वर्दी कैसे दे सकती हैं। इसमें निश्चित रूप से गुणवत्ता से समझौता होगा। इसका खामियाजा जवान को ही भुगतना पड़ेगा। इस बाबत रक्षा मंत्री और सीवीसी से शिकायत की गई है। सेना को खुद के और देश हित में निजी कंपनियों को दिए गए वर्दी के ऑर्डर को वापस लेना चाहिए। यह ऑर्डर टीसीएल के तहत 4 आयुध कारखानों को सौंप देना चाहिए।

श्रीकुमार ने कहा, टीएसएल के तहत चार आयुध कारखानों को 1200 करोड़ का काम चाहिए। सरकार अभी इतना वर्क लोड देने के लिए तैयार नहीं है। मौजूदा समय में इन कारखानों के पास मुश्किल से 250 करोड़ का काम भी नहीं है। सरकार ने अक्तूबर–नवंबर तक एक हजार करोड़ रुपये का काम देने का भरोसा दिया था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कुछ भी होता नहीं दिख रहा।

सेना की वर्दी को प्राइवेट हाथों में देना ठीक नहीं है। आजकल आतंकवादी और राष्ट्रविरोध तत्व सुरक्षा बलों की वर्दी पहनकर बड़े हमलों को अंजाम दे देते हैं। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ की मांग है कि कम से कम, सेना की वर्दी को निजी हाथों में न सौंपा जाए। ये सुरक्षा और सेना, दोनों के साथ खिलवाड़ करने जैसा होगा। ये आयुध कारखाने, 150 साल पुराने हैं। इन्हें बंद करने का प्रयास न किया जाए। ये आयुध कारखाने, देश की प्रॉपर्टी हैं। ओसीएफ शाहजहांपुर 120 साल से अधिक पुराना आयुध कारखाना है। इसी तरह ओसीएफ अवाडी भी साठ साल से सेना की जरूरतों को पूरा कर रह है। इन कारखानों से कभी कोई वर्दी, खुले बाजार में नहीं गई। कारखानों का सिस्टम इस तरह का था, वहां ऐसी कोई हरकत हो ही नहीं सकती थी।

गत वर्ष भारतीय सेना द्वारा 11,70,159 कॉम्बैट आर्मी यूनिफॉर्म 'डिजिटल प्रिंट' की खरीद के लिए प्रतिबंधित शर्तों को लागू किया गया था। यह सब इसलिए किया गया, ताकि टीसीएल के अंतर्गत चार आयुध कारखानों को कार्यभार न मिल सके। एआईडीईएफ ने इस संबंध में भी रक्षा मंत्री को पत्र लिखा था। इस वर्ष के शुरू में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना ने भी अब अपने कर्मियों के लिए ड्रेस आइटम की खरीद की निविदा जारी की थी। इसमें भी आयुध कारखानों को दरकिनार करने का प्रयास किया जा गया।

इस घटनाक्रम से हैरान अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ ने रक्षा मंत्री को भेजे अपने विरोध पत्र में कहा था, इससे पहले भी टीसीएल के तहत 4 आयुध कारखानों के प्रति सौतेला व्यवहार किया गया था। दशकों से जब आयुध कारखाने ही इन वस्तुओं का निर्माण करते रहे हैं, तो अब निगमीकरण के बाद सेना की वर्दी, टेंट, बूट और अन्य विशेष उपकरणों सहित सभी प्रकार के ट्रूप कंफर्ट आइटम्स का ऑर्डर, प्राइवेट कंपनियों को क्यों दिया जा रहा है। निगमीकरण के बाद यह भरोसा दिया गया था कि आयुध कारखानें को पूरा कार्यभार मिलेगा।

सरकार ने टीसीएल के तहत 4 आयुध कारखानों को पूर्ण कार्यभार प्रदान नहीं कर, अपनी उस प्रतिबद्धता का घोर उल्लंघन किया है। निगमीकरण के बाद, आयुध कारखानों को कार्यभार प्रदान करने और वित्तीय एवं गैर–वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में रक्षा मंत्रालय की ओर से हाथ थामा जा रहा है।

## सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई : शोपियां मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा के दो आतंकी मार गिराए

**श्रीनगर ,एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा के दो स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों में से एक इस वर्ष की शुरुआत में कथित रूप से एक कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल है।

गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन इलाके में 26 फरवरी को संदिग्ध आतंकवादियों ने एटीएम गार्ड के रूप में काम करने वाले कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि मोरीफात मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार नाम के दो आतंकवादी मंगलवार को शोपियां मुठभेड़ में मारे गए और उनमें से एक शर्मा की हत्या में शामिल था। एडीजीपी कुमार ने कहा कि आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।आतंकवादियों के बारे में सूचना प्राप्त होने के बाद संयुक्त बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया जिसके बाद शोपियां के अलशीपुरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई।

# अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को बड़ा झटका, दूसरे मुकाबले से भी बाहर हुआ यह स्टार खिलाड़ी




नई दिल्ली ,ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद भारत को अब 11 अक्तूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। इस मैच से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। डेंगू से उबर रहे शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने शुभमन को लेकर मेडिकल अपडेट दिया है। बोर्ड ने लिखा– टीम इंडिया के बल्लेबाज शुभमन गिल नौ अक्तूबर को टीम के साथ दिल्ली की यात्रा नहीं करेंगे। यह ओपनिंग बल्लेबाज चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाया था। वह अफगानिस्तान के खिलाफ 11 अक्तूबर को दिल्ली में टीम इंडिया के अगले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। शुभमन चेन्नई में ही रुकेंगे और मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। हाल के दिनों में वनडे में भारत के सबसे शानदार बल्लेबाज शुभमन कथित तौर पर तेज बुखार से पीड़ित हैं। डेंगू के लिए परीक्षण किया जाना था, लेकिन इस बारे में बीसीसीआई की तरफ से कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। बीसीसीआई की ओर से यही कहा गया है कि शुभमन को तेज बुखार है। वहीं, बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया था कि शुभमन डेंगू से पीड़ित हैं। डेंगू से उबरने में एक खिलाड़ी को फिर से मैच–फिट होने में आम तौर पर 7–10 दिन लगते हैं। हालांकि, यदि प्लेटलेट काउंट में ज्यादा गिरावट होती है, तो मरीज के ठीक होने में अधिक समय लग सकता है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तो यहां तक कहा गया है कि अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के अलावा शुभमन पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्तूबर को अहमदाबाद में होने वाले भारत के तीसरे मैच से भी बाहर रह सकते हैं। शुभमन ने इस साल 1200 रन बनाए हैं और हाल ही में कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक सफल ओपनिंग जोड़ी बनाई है। अगर वह लंबे समय तक अनुपस्थित रहते हैं तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका हो सकता है। टीम प्रबंधन शुभमन गिल को लेकर कोई जोखिम उठाना नहीं चाहेगा। अफगानिस्तान के खिलाफ अगले मैच में उनकी जगह बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन एक बार फिर रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करते दिख सकते हैं। ईशान किशन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी ओपनिंग की थी, लेकिन खाता नहीं खोल पाए थे। उन्होंने अब तक 26 मैच खेले हैं। इस दौरान उनका औसत 44 के करीब रहा है। ईशान के नाम 886 रन हैं। उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं। तीन अर्धशतक तो किशन ने इसी साल लगाए हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग–11

रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर/सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन/शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

# मुझे लगा ये टेस्ट मैच का बॉलिंग विकेट है : जडेजा




चेन्नई , चेपॉक स्टेडियम से जुड़े अपने अनुभव का उपयोग करते हुए रवींद्र जडेजा ने शानदार लाइन और लेंथ में गेंदबाजी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के खिलाफ ऐसा जाल बुना, जिसने टीम की कमर तोड़ दी। भारत ने विश्व कप–2023 अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार जीत के साथ की। मैच के बाद जडेजा ने बताया कि गेंदबाजी में उनकी स्टंप–टू–स्टंप लाइन सटीकता ने उन्हें यह सोचने में मदद की कि वह टेस्ट मैच परिदृश्य में पिच पर गेंदबाजी कर रहे थे।

जडेजा ने कहा, जब मैंने पहला ओवर शुरू किया तो गेंद थोड़ी धीमी पडक़र रुक रही थी। मुझे लगा कि यह दोपहर का समय है, गर्मी थी और विकेट सूखा था। मैंने सोचा कि स्टंप–लाइन बेहतर होगी। यहां से कुछ गेंद टर्न होगी, कुछ सीधी जाएगी इसलिए बल्लेबाज के लिए यह आसान नहीं होगा।मैं सोच रहा था कि यह टेस्ट मैच का बॉलिंग विकेट है। मुझे ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि विकेट से मदद मिल रही थी। इसलिए, मैं इसे स्टंप टू स्टंप फेंकने की कोशिश कर रहा था।

टेलीविजन ग्राफिक्स में दिखाया गया कि स्मिथ पर हावी होने से पहले जडेजा की आखिरी दो गेंद 100 किमी प्रति घंटे के आसपास थी, लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को आउट करने वाली गेंद 91 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से थी, जिससे पता चला कि जडेजा अपनी गति बदलने में माहिर हैं। साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 11वीं बार स्मिथ का विकेट लिया।

जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी के बारे में कहा, मुझे लगता है कि वह निर्णायक क्षण था। जब आपको स्टीव स्मिथ जैसे बल्लेबाज का विकेट मिलता है। विकेट गिरने के बाद नए बल्लेबाज के लिए स्ट्राइक रोटेट करना आसान नहीं होता है। इसलिए, मुझे लगता है कि स्मिथ का विकेट मैच का निर्णायक मोड़ था। वहां से ऑस्ट्रेलियाई टीम 119–3 और फिर 199 पर ऑलआउट हो गई।

# आकाश इलेवन ने योगी इलेवन को फाइनल में हराकर कप पर किया कब्ज़ा




नई दिल्ली , पीतमपुरा के गेला राम पार्क में तीसरे श्री मदन लाल खुराना मेमोरियल कमल क्रिकेट लीग का फाइनल मैच हुआ। फाइनल मुकाबले में आकाश इलेवन की टीम ने योगी इलेवन को हराकर कप पर कब्ज़ा किया। योगी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए योगी इलेवन केवल 76 रन ही बना सकी। आकाश इलेवन ने इस लक्ष्य को 21 बॉल शेष रहते 11 ओवर 3 बॉल में ही हासिल कर योगी इलेवन पर 5 विकेट से धमाकेदार जीत हासिल की। फाइनल मैच में बीजेपी सांसद श्री मनोज तिवारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद डॉ हर्षवर्धन मुख्य अतिथि रहे। बीजेपी के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी और बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ संजय मयूख, बिहार क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष राकेश तिवारी,जिलाध्यक्ष श्री वीरेंद्र गोयल, जाने माने हास्य कलाकार दीपक सैनी, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, अमित नागपाल, बीजेपी नेता संजीव शर्मा, नीलकान्त बक्शी ने मैच का आनंद लिया साथ ही खुराना जी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डॉ हर्षवर्धन ने खुराना साहब की कप्तानी में खेले गये क्रिकेट मैच को याद करते हुए कहा कि ये क्रिकेट मैच उन्हें याद करने का एक अच्छा जरिया है। मनोज तिवारी ने स्वर्गीय मदन लाल खुराना को विजनरी लीडर बताया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन ने विनर और रनर अप टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही मैन ऑफ दी मैच अभिषेक ठाकरान और पूरी सीरीज़ में बेहतरीन गेंदबाज़ी के लिए मैन ऑफ दी सीरीज़ निखिल को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट शिवम छाबड़ा और संयम छाबड़ा ने सबका आभार जताया।

# एशियन गेम्स में फतेह के बाद लौटीं भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों का जोरदार स्वागत



नई दिल्ली ,भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 19वें एशियाई खेल 2022 में सफल अभियान के बाद हांगझोऊ से भारत लौटीं और देर रात इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद हॉकी प्रशंसकों ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया। हांगझोऊ में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता। इस सफल एशियाई खेलो के बाद जब दोनों टीमें देश की राजधानी पहुंची तो एयरपोर्ट पर उनका स्वागत फैंस ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ किया।

इतना ही नहीं जब हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने टीमों को मिठाइयां और मालाएं दीं तो भावुक हॉकी प्रशंसकों ने हॉकी सितारों के साथ कुछ ऐसा किया जिससे खिलाड़ी भी खुशी से झूम उठे। प्रशंसकों ने इस खुशी के मौके को और यादगार बनाने के लिए टीमों के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए डांस भी किया।

स्वर्ण विजेता पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यहां प्रशंसकों की भीड़ देखकर हमें पेरिस ओलंपिक–2024 की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा मिलती है। हमारे पास समय है, हम उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें सुधार करने की जरूरत है और हम ओलंपिक को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। हवाईअड्डे पर एकत्र लोगों में हॉकी खिलाडिय़ों के परिवार के सदस्य भी शामिल थे। हॉकी खिलाडिय़ों ने भी गर्मजोशी भरे माहौल का आनंद लिया और देश में एक बार फिर खेल की बढ़ती सराहना को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक का 9 साल का इंतजार खत्म कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत ने फाइनल में जापान को 5–1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान पक्का किया। एशियाई खेलों में पुरुष फील्ड हॉकी में यह भारत का चौथा स्वर्ण पदक था। भारत ने इससे पहले 1966, 1998 और 2014 में स्वर्ण पदक जीता था।

इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी हांगझोऊ में कांस्य पदक और पोडियम स्थान हासिल किया और एशियन कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट में अपना 7वां पदक जीता।

## फिल्मी दुनियां

# अब होगा दुश्मन पर वार, कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में दिखीं एक्ट्रेस




कंगना रनौत की फिल्म तेजस काफी दिनों से चर्चा में है। 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के मौके पर इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।बीते दिनों जब फिल्म का टीजर आया था, तो कंगना को वायुसैनिक पायलट के रूप में देखकर उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए। तब से ही उन्हें फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था।सर्वेश मेवाड़ा की यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में कंगना ने तेजस गिल नाम की वायुसेना की एक पायलट का किरदार निभाया है। ट्रेलर में उनका देशभक्ति से लबरेज जांबाज अंदाज नजर आ रहा है।फिल्म की कहानी पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारतीय वायुसेना के एक मिशन पर केंद्रित है। ट्रेलर में कंगना यह संदेश देती दिख रही हैं कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को इसे अपना निजी मामला समझना होगा।वीएफएक्स पर फिल्माए लड़ाकू विमानों की उड़ान भी नजर आ रही है। फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाले हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है।फिल्म में दिखाया जाएगा कि वायुसेना के पायलट देश की रक्षा के लिए किस हद तक जाते हैं और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।कंगना इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग भी ली है।फिल्म का निर्देशन और लेखन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है, जबकि रॉनी स्क्रूवाला इसके निर्माता हैं। तेजस के अलावा वायुसेना पर केंद्रित कई फिल्में देखने को मिलने वाली हैं।अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। निर्माताओं का दावा है कि यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की हमारी अनकही कहानी दिखाएगी।

### केट शर्मा के ग्लैमर के आगे फेल है बॉलीवुड एक्ट्रेस

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल तेजी से धडक़नें लगा है।

एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके बोल्ड लुक को देखकर लोग आहें भरने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगी हैं।

# शाहरुख की जवान ने भारत के बाद अब मिडिल ईस्ट में रचा इतिहास



शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज जवान देश और विदेश में धमाकेदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ से ज्यादा कमाई कर इतिहास रच दिया है वहीं इस फिल्म ने अपनी रिकॉर्ड बुक में अब एक और पन्ना एड कर लिया है. दरअसल एक्शन से भरपूर एटली निर्देशित इस फिल्म ने यूएई बॉक्स ऑफिस पर भी बड़ी कामयबी हासिल करते हुए एक और माइल स्टोन पार कर लिया है. चलिए जानते हैं जवान ने मीडिल ईस्ट बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया है.

इसमें कोई दो राय नहीं है कि जवान की शानदार सफलता केवल भारत में इसके घरेलू मैदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल मार्केट में भी इस फिल्म की तूती बोल रही है. जवान ने मिडिल ईस्ट यानी एशिया माइनर, इराक, ईरान, लेवेंट और तुर्की जैसे देशों के बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचा दिया है. इसे लेकर फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर शाहरुख का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, जवान मिडिल ईस्ट में 16 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है और नंबर 1 इंडियन फिल्म बनकर उभरी है.वाईआरएफ रिलीज इन इंटरनेशनल मार्केट.शाहरुख खान की फिल्म जवान ने मिडिल ईस्ट में तो धुंआधार कमाई कर इतिहास रच दिया है

# कश्मीर पर आधारित संतोष सिवन की पीरियड ड्रामा में मुख्य भूमिका निभाएंगी ब्रेशना खान



रवीना टंडन–स्टारर अरण्यक के अलावा स्ट्रीमिंग शो एस्केप लाइव और द फ्रीलांसर से अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री ब्रेशना खान जल्द ही संतोष सिवन की अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में दिखाई देंगी।अभिनेत्री ने अपने पहले शेड्यूल की शूटिंग कर ली है। जल्द ही अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्म एक पीरियड ड्रामा है। इसमें तीन एक्ट हैं, ब्रेशना पहले एक्ट में मुख्य भूमिका निभाएंगी और पूरी फिल्म में उनकी उपस्थिति बनी रहेगी।फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, यह 500 साल पहले कश्मीर पर आधारित एक पीरियोडिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संतोष सिवन ने किया है। कहानी को तीन अंकों में विभाजित किया गया है। मैं पहले एक्ट में एक मुख्य किरदार निभा रही हूं जो पूरी फिल्म में एक मुख्य किरदार बनी रहेगी।अभिनेत्री ब्रेशना खान ने आगे उल्लेख किया, मैंने जो पहले किया है, यह उससे बिल्कुल अलग है, जिस तरह से मुझे संतोष सर ने प्रस्तुत किया है, वह एक सपने के सच होने जैसा है।

# लियो के नए पोस्टर में थलपति विजय का दिखा कातिलाना अवतार



तमिल स्टार थलपति विजय की आगामी एक्शन–थ्रिलर फिल्म लियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है क्योंकि निर्देशक लोकेश कनगराज ने फिल्म के लिए एक नया कलात्मक पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में थलापति को हाथों में दो बन्दूक के साथ एक जमे हुए परिदृश्य में दिखाया गया है, जबकि वह पूरा शीतकालीन गियर पहने हुए है और एक परित्यक्त औद्योगिक शहर के खंडहरों में बर्फीले परिदृश्य की पृष्ठभूमि में सिगरेट पी रहा है। कुछ एआई के साथ पॉलिश किया गया, पोस्टर तमिल फिल्म के उच्च उत्पादन मूल्य को प्रदर्शित करने के अलावा यह भी संकेत देता है कि यह टेकन या जॉन विक के समान कुछ होने के नक्शेकदम पर चल सकता है। जैसा कि लियो को एक निर्दयी हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो अपने दुश्मनों पर दाएं और बाएं बंदूकें चला रहा है और किसी को भी नहीं बख्श रहा है। उसी पोस्टर के दूसरे पक्ष में दिखाया गया है कि कड़ाके की ठंड में एक जीप उसका पीछा कर रही है और लगभग विशाल धातु की जंजीरों के एक समूह को तोड़ रही है, जबकि थालापति उन पर गोली चला रहा है। हालांकि इस बार विजय ने काले रंग की चमड़े की जैकेट और नीचे सफेद हाफ–शर्ट पहनी हुई है। उन्होंने बड़े शीतकालीन जूते के साथ काला चश्मा और काली जींस पहनी हुई है। वारिसु अभिनेता ने पहले एक और पोस्टर का अनावरण किया था। इस बार सामने से नहीं दिखाए जाने पर, उन्हें पीछे से एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ में जलती हुई मशाल पकड़े हुए दिखाया गया था, जब वह एक आसन के ऊपर खड़े थे और एक गुस्साई भीड़ को संबोधित कर रहे थे, जैसे कि किसी तरह का क्रांति का आह्वान कर रहे हों।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com